आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 16 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-06 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-347 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

57 लाख का गांजा पकड़ाया

महासमुंद,16 मार्च. जिले के सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 140 किलो गांजा, 57 लाख रूपए कीमत की दो आरोपियों से जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रही है। बता दें सिंघोड़ा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक ओडी 02 सीजी 2298 कार में जा रहे दो व्यक्ति वृंदावन दंडीया पिता सीबा और जोशोबंत दंडीया उड़ीसा की कार को वाहन चेकिंग के दौरान चेक किया जिसमे 140 किलो गांजा 57 लाख की पाई गई। अवैध गांजा तस्करी के आरोप में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि दोनों गांजा छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर ले जा रहे थे। बहरहाल गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 3 मोबाइल, एक कार भी बरामद किया है।

मशहूर सिंगर अनुराधा पौडवाल भाजपा में

नई दिल्ली,16 मार्च. मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं. वह आज दोपहर में बीजेपी दफ्तर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुईं. अनुराधा पौडवाल ऐसे समय में बीजेपी में शामिल हो रही हैं, जब देश में जल्द ही लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं. चुनाव आयोग आज ही लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करने वाला है. बीजेपी ज्वाइन करने के बाद अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे खुशी मिल रही है कि मैं आज उन लोगों को ज्वाइन कर रही हूं, जिनका सनातन से गहरा नाता है. मैंने फिल्म इंडस्ट्री में गाने के बाद डिवोशनल गाने भी गाए हैं. जिस वक्त रामलला की स्थापना हुई, वहां मुझे गाने का मौका मिला, यह मेरा सौभाग्य है.

काम न करने से नाराज महिला ने की पति की हत्या

बालोद,16 मार्च। बालोद जिले के भुसरेंगा गांव में एक महिला ने अपने पति की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि आरोपी महिला का पति काम नहीं करता था, जिससे वह परेशान थी. और आए दिन दोनों के बीच इस बात को लेकर विवाद होते रहता था. जिससे नाराज पत्नी ने उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गई. जिसके बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है. जानकरी के मुताबिक, मृतक का नाम सुदामा (उम्र 39 साल) है जो कि भूसरेंगा का ही रहने वाला था, उसकी हत्या को अंजाम देने के बाद उसकी पत्नी योगिता मौके फरार हो गई थी. वहीं घटना के बाद सुदामा के परिजनों ने उसे घायल अवस्था में धमतरी के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. इस घटना के बाद सनौद थाना पुलिस ने आरोपी योगिता की पातसाजी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. वहीं योगिता ने भी अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे न्यायाल में पेश कर दुर्ग जेल दाखिल किया है.

डीएसपी की मां के गले से सोने की चेन की लूट

रायपुर,16 मार्च. राजधानी रायपुर में चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। यह वारदात किसी और के साथ नहीं बल्कि पुलिस विभाग में पदस्थ डीएसपी की मां के साथ हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर पदस्थ अधिकारी की 72 वर्षीय मां सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। इसी दौरान शहर के पॉश इलाकों में से एक शंकर नगर की चौपाटी के पास बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाश वहां से फरार हो गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है.

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान, सात चरणों में होगा मतदान

पहला चरण 19 अप्रैल को, नतीजे 4 जून को,उम्मीदवारों को आपराधिक रिकार्ड की जानकारी इश्तिहार से देनी होगी

नई दिल्ली, 16 मार्च. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए. बताया कि पहले चरण का मतदान 18 अप्रैल को होगा तथा नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव में 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे। 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख EVM का इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि हिमालय से समुद्र तक और रेगिस्तान से बारिश वाले पूर्वोत्तर तक बूथों पर एक जैसी सुविधा होगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वोटर या दिव्यांग वोटर के घर फॉर्म भिजवाएंगे, ताकि वो घर से वोट डाल सकें. बूथ पर वो आएंगे तो उनको आयोग वोलेंटियर सहयोग करेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि चुनाव के लिए हमारी टीम तैयार है। उन्होंने कहा कि चुनाव में 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे। 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख EVM का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए 1.5 करोड़ पोलिंग अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 1.82 करोड़ युवा वोटर्स हैं, जो कि इस बार मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि 18 से 29 साल के साढ़े 21 लाख वोटर हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि महिला वोटर की संख्या 12 सीटों पर पुरुषों से ज्यादा है। पर्यावरण सहयोगी चुनाव होगा। चुनाव के बाद मतदान केंद्र पर कचरा नहीं होगा. कार्बन फुट प्रिंट सबसे कम होगा। केवाईसी, वोटर हेल्प लाइन और सी विजिल एप सबवोटर कार्ड से बूथ, उम्मीदवारों की जानकारी मिलेगी। कॉन्ट्रेक्ट स्टाफ या वॉलंटियर चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाए जाएंगे। इन राज्यों में 3400 करोड़ से ज्यादा मूल्य के सामान और नकदी की जब्ती हुई है। इसमें शराब, नकदी नशा और फ्री बी शामिल हैं। साथ ही कहा कि हम हवाई अड्डा, सड़क मार्ग जल मार्ग पर विशेष निगरानी रखेंगे। खासकर हवाई अड्डों पर चार्टर उड़ानों पर सख्त निगाह रहेगी।सीईसी ने कहा कि चुनाव कराने को लेकर श्वष्टढ्ढ के सामने 4 चुनौतियां हैं। बाहुबल का इस्तेमाल, धनबल, झूठी खबर और एमसीसी का उल्लंघन. उन्होंने कहा कि हम हिंसा मुक्त चुनाव करवाना चाहते हैं, लिहाजा इलेक्शन के दौरान कोई भी खून-खराबा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को समाचार पत्रों और अन्य मीडिया आउटलेट्स में तीन बार जानकारी प्रकाशित करनी होगी।

लोकसभा चुनाव 2024 का पूरा कार्यक्रम

चुनावी कार्यक्रम	पहला चरण	दूसरा चरण	तीसरा चरण	चौथा चरण	पांचवां चरण	छठा चरण	सातवां चरण
अधिसूचना जारी होने की तारीख	20 मार्च	28 मार्च	12 अप्रैल	18 अप्रैल	26 अप्रैल	29 अप्रैल	07 मई
नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख	27 मार्च	04 अप्रैल	19 अप्रैल	25 अप्रैल	03 मई	06 मई	14 मई
नामांकन की स्क्रूटनी	28 मार्च	05 अप्रैल	20 अप्रैल	26 अप्रैल	04 मई	07 मई	15 मई
उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख	30 मार्च	08 अप्रैल	22 अप्रैल	29 अप्रैल	06 मई	09 मई	17 मई
मतदान की तारीख	19 अप्रैल	26 अप्रैल	07 मई	13 मई	20 मई	25 मई	01 जून
मतगणना की तारीख	04 जून	04 जून	04 जून	04 जून	04 जून	04 जून	04 जून
संसदीय सीटों की संख्या	102	89	94	96	49	57	57
चरणवार राज्य/UTs की संख्या	21	13	12	10	8	7	8

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान

पहला चरण
19 अप्रैल (बस्तर)

दूसरा चरण
26 अप्रैल (कांकेर, महासमुंद और राजनांदगाव)

तीसरा चरण
7 मई (रायपुर, सरगुजा रायगढ़, जांजगीर चाम्पा, कोरबा, बिलासपुर और दुर्ग)

7 फेज में लोकसभा चुनाव

फेज 1	फेज 2	फेज 3	फेज 4
19 अप्रैल (102 सीटें)	26 अप्रैल (89 सीटें)	7 मई (94 सीटें)	13 मई (96 सीटें)
फेज 5	फेज 6	फेज 7	नतीजे
20 मई (49 सीटें)	25 मई (57 सीटें)	1 जून (57 सीटें)	4 जून

विकसित भारत ही हमारा एजेंडा

पीएम मोदी ने देशवासियों को भेजा खास संदेश

नई दिल्ली,16 मार्च. पीएम मोदी ने नागरिकों को पत्र लिखकर भारत के भविष्य को विकसित भारत के रूप में आकार देने के लिए फीडबैक साझा करने का आग्रह किया। हाल ही में राष्ट्र को संबोधित एक पत्र में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से भारत के भविष्य को 'विकसित भारत' के रूप में आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। लोकतंत्र के सार पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने जन भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिसे जनभागीदारी कहा जाता है। उन्होंने देश के कल्याण की दिशा में निर्णायक कदम उठाने, महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने और उनके निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने में नागरिकों के समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। जनता के साथ जुड़ने की उत्सुकता व्यक्त करते हुए, पत्र ने नागरिकों से विचारों, सुझावों और समर्थन के लिए निमंत्रण दिया। पीएम मोदी ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी ने देश के 140 करोड़ नागरिकों के अटूट समर्थन को स्वीकार करते हुए पिछले दशक पर विचार किया। उन्होंने सरकार और उसके लोगों के बीच अद्वितीय बंधन पर जोर देते हुए, अपनी सरकार द्वारा हासिल किए गए महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर प्रकाश डाला। पत्र में वंचितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से सरकार की नीतियों और पहलों के कारण नागरिकों के जीवन में देखे गए परिवर्तनकारी परिवर्तनों को रेखांकित किया गया है। पीएम मोदी ने नागरिकों द्वारा उन पर जताए गए भरोसे और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया. पीएम मोदी ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विरासत का जश्न मनाया, अपने सांस्कृतिक लोकाचार और परंपराओं को संरक्षित करते हुए प्रगति की दिशा में देश की यात्रा पर जोर दिया। पत्र में पिछले दशक में सरकार द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों का जिक्र किया गया, जिसमें जीएसटी का कार्यान्वयन, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना, तीन तलाक के खिलाफकानून बनाना, नारी शक्ति बंधन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण और आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफमजबूत कदम शामिल हैं।

इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग मिल का पत्थर साबित होगा: मुख्यमंत्री

रायपुर, 16 मार्च

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज यहाँ अपने निवास में छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए तथा इलेक्ट्रिक वाहन रैली को झंडी दिखाकर रोड शो का शुभारंभ किया। इलेक्ट्रिक व्हीकल का रोड शो मुख्यमंत्री निवास से शुरू होकर भगत सिंह चौक, तेलीबांधा चौक ,वीआईपी चौक और फुंडहर होते हुए एनर्जी पार्क तक किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में परिवहन के क्षेत्र में कई नई विकासशील योजनाओं द्वारा देश हित में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2021 में स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित COP -26 सम्मेलन में भारत के महत्वाकांक्षी पांच सूत्रीय- पंचामृत लक्ष्य के विषय पर पूरे विश्व को अवगत कराया था। इस दिशा में क्रेडा द्वारा विभिन्न अक्षय ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के माध्यम से जनहित में कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचामृत लक्ष्य अंतर्गत स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में वर्ष 2030 तक देश अपने निर्भरता पारंपरिक ऊर्जा के स्रोतों पर कम करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाने हेतु देश में एक नई लहर प्रारंभ हुई है जिसके तहत छत्तीसगढ़ में 39 हजार802 दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन ,17 हजार 956 तीन पहिया वाहन एवं 1596 चार पहिया वाहन संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा इलेक्ट्रिक वाहनों से ना कोई जहरीला धुआं निकलता है और न ही पेट्रोल डीजल की आवश्यकता होती है । पेट्रोल डीजल वाहन के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहन एक सस्ता एवम टिकाऊ विकल्प है । इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल,विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पी दयानंद, क्रेडा विभाग के सीईओ श्री राजेश राणा , जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव, क्रेडा विभाग के अधिकारी कर्मचारी ,गणमान्य नागरिक एवं स्कूल कॉलेज की विद्यार्थी भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रेडा द्वारा राज्य में सौर संयंत्रों के माध्यम से समाज के हर वर्ग एवं हर तबके के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं । किसानों हेतु सौर कृषि पंप, सुदूर ग्रामीण घरों में बिजली व पानी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली की आपूर्ति लोगों के लिए वरदान से कम नहीं है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान होंगे कर्ज एवं जीएसटी मुक्त: बैज

रायपुर,16 मार्च। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत मिले कांग्रेस इसका पूरा इंतजाम करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मानना है कि देश की खुशहाली और समृद्धि का मार्ग खेतों से शुरू होता है। देश का अन्नदाता खुशहाल होगा तथा उसकी उपज की उसे पूरी कीमत मिलेगी तो देश के उद्योग व्यापार सभी में तरक्की होगी इसीलिये कांग्रेस पार्टी ने किसानों के लिये किसान न्याय योजना की घोषणा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान कर्ज एवं जीएसटी से मुक्त होगा। एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा। बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया है बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था। भाजपा की नीति में किसान की समृद्धि खुशहाली नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने सरकार बनने पर किसानों को जीएसटी मुक्त करने का गारंटी दिया है। जीएसटी मुक्त होने से ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, एग्रो फर्टिलाइजर के दामों में भारी कमी आएगी। मोदी सरकार के पहले कांग्रेस की सरकार ने इन सब को टैक्स मुक्त रखा था।

नैतिकता की बात कांग्रेस को शोभा नहीं देती : साव

रायपुर,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा के बीच सोशल मीडिया में कार्टून युद्ध शुरू हो चुका है. इसके साथ ही कांग्रेस के भाजपा पर राजनीति के स्तर को नीचा गिराने से सवाल पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में किसने राजनीति का स्तर गिराया, प्रशासनिक स्तर को गिराया, यह जनता देख रही है. नैतिकता की बात करना कांग्रेस को शोभा नहीं देता है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि चिंतामणि महाराज एक बड़े वर्ग के सम्माननीय हैं. कांग्रेस में वे लंबे समय तक रहे, और भाजपा में अब उनके घर वापसी हुई है. समाज के बहुत सम्माननीय व्यक्ति हैं, इसलिए उनके लिए इस तरह की बातें करना कांग्रेस को शोभा नहीं देता. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने चुनाव की तारीखों के एलान को लेकर कहा कि भाजपा पूरी तरह से मजबूती से चुनाव की मैदान में है. वहीं कांग्रेस के ऐसे हालात हैं कि प्रत्याशी तय नहीं कर पा रहे. कांग्रेस की टिकट पर कोई लड़ने को तैयार नहीं है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है. विधानसभा के चुनाव समाप्त होते ही भाजपा लोकसभा की तैयारी में जुट गई थी. लगातार बैठक हो रही हैं. विधानसभा के सम्मेलन पार्टी ने शुरू कर दिए हैं. प्रत्याशी भी घोषित हो चुके हैं. उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने आम जनता के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रयास किया है. इसलिए आम जनता ने तय किया है कि तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री मोदी को सौंपेंगे. वहीं प्रशासनिक फेरबदल पर कांग्रेस के बयान पर अरुण साव ने कहा कि प्रशासनिक फेरबदल रूटिंग के प्रशासनिक काम है. कांग्रेस देश के विकास पर छत्तीसगढ़ के विकास पर बात करे. 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं. आम लोगों के जीवन में कैसे परिवर्तन आया है. इन मुद्दों पर कांग्रेस बात करे. कांग्रेस आज मुद्दाविहीन है, नेतृत्व विहीन है, और नियत विहीन है, इसलिए आज कोई कांग्रेस की टिकट पर चुनाव नहीं लड़ना चाह रहा है.

महिला सफाई कर्मी की वाहन से कुचलकर मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई ,16 मार्च. भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के जी. केबिन में रहने वाली सफाई कामगार महिला की हाइड्रा वाहन से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य घायल महिलाओं में से एक को रायपुर एम्स भेजा गया है यहां पर उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। तीनों महिलाएं चरोदा रेल नगर चौक पर आटो से उतरने के बाद रेलवे यार्ड होकर जी. केबिन आ रही थी। इसी दौरान अण्डरब्रिज से ठीक पहले पुराने बिजली आफिस के साथ महिलाओं को रेलवे के काम में लगी हाइड्रा वाहन ने चपेट में ले लिया इस हादसे में मृतका महिला लीला बाई लाकड़े (59 वर्ष) है। वहीं घायलों में सुमित्रा बाघ (50 वर्ष) और सविता नियाल (43 वर्ष) हैं। सुमित्रा बाघ की कमर की हड्डी टूट गई है, वहीं सविता नियाल की हालत सामान्य बताई जा रही है। सुमित्रा और सविता को स्पर्श हास्पिटल सुपेला ले जाया गया। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सुमित्रा बाघ को रायपुर एम्स रिफर किया गया है। यहां पर सुमित्रा बाघ की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। चरोदा जीआरपी मामले की जांच कर रही है जी. केबिन चरोदा निवासी अशोक लाकड़े ने बताया कि उसकी पत्नी लीला बाई लाकड़े कुम्हारी नगर पालिका में सफाई कार्य करती थी। उसके साथ ही सुमित्रा बाघ और सविता नियाल में सफाई कामगार हैं।

आरएसएस से जुड़े संगठनों पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में यूट्यूबर पर 50 लाख का जुर्माना

चेन्नई,16 मार्च. मद्रास हाई कोर्ट ने आरएसएस से जुड़े संगठन सेवा भारती के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में हाल ही में एक यूट्यूबर पर 50 लाख का जुर्माना बतौर हर्जाना ठोका है। इसके साथ ही अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि अदालत ने आंखों पर पट्टी नहीं बांध रखी है और ना ही आंख बंद कर रह सकती है। जस्टिस एन सतीश कुमार की पीठ ने 6 मार्च को दिए अपने आदेश में कहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई भी अपनी संवैधानिक स्वतंत्रता और अधिकार का उपयोग दूसरों की गोपनीयता पर हमला करने या उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए नहीं कर सकता। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस कुमार ने अपने फैसले में लिखा, ÷केवल, अभिव्यक्ति की आज़ादी के बहाने, कोई दूसरों की निजता में दखल देकर साक्षात्कार नहीं कर सकता, कानून किसी यूट्यूबर और सोशल मीडिया को दूसरों की प्रतिष्ठा खराब करने की इजाजत नहीं देता है। इसलिए, अदालत अपनी आंखों पर पट्टी नहीं बांधे रह सकती है।÷ इसके साथ ही कोर्ट ने यूट्यूबर सुरेंद्र उर्फ नाथिकन को सेवा भारती ट्रस्ट को 50 लाख रुपये का हर्जाना चुकाने का आदेश दिया है। दरअसल, यूट्यूबर ने 2020 में दो ईसाई पुरुषों, पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स की हिरासत में हुई मौत के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े तमिलनाडु की सेवा भारती ट्रस्ट के तार जोड़े थे और ट्रस्ट पर कई अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ सेवा भारती ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था और मुआवजे की मांग की थी। इसके साथ ही ट्रस्ट ने अदालत से मांग की थी कि वह यूट्यूबर को उसके खिलाफ कोई भी अपमानजनक बयान देने से रोकने का निर्देश दे। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आजकल लोग सोशल मीडिया पर प्रसारित बयानों का इस्तेमाल ब्लैक मेल करने के एक उपकरण के रूप में करने लगे हैं, जिसे किसी भी सूरत में प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि अगर शुरुआती चरण में ही इसे हतोत्साहित न किया गया तो फिर इसका कोई अंत नहीं होगा और हरेक ब्लैक मेलर झूठी और अनावश्यक खबरें फैलाकर दूसरों को ब्लैकमेल करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकता है।÷ सेवा भारती ने मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि जयराज और बेनिक्स की मौत से उसका कोई लेना-देना नहीं रहा है और यह ज्ञात तथ्य है कि दोनों की मौत पुलिस हिरासत में हुई थी। बावजूद इसके सुरेंद्र ने यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट कर झूठा दावा किया कि दोनों की मौत में ट्रस्ट का हाथ है।

भारत ने की पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती

करांची,16 मार्च. संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के दूत द्वारा अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने पाकिस्तान की इंटरनेशनल बेइज्जती करते हुए उसे ब्रोकन रिकॉर्ड बताया। यूएनजीए की पूर्ण बैठक के दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम द्वारा की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि पड़ोसी देश सीमित और गुमराह दृष्टिकोण के साथ दुखद रूप से स्थिर बने हुए हैं। बता दें कि पाक राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह और नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का भी जिक्र किया। इस पर आपत्ति जताते हुए कंबोज ने कहा कि मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित व गुमराह दृष्टिकोण से रूबरू होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है।

तेल गोदाम में लगी भीषण आग

हैदराबाद,16 मार्च. तेलंगाना के हैदराबाद में एक तेल गोदाम में भीषण आग लग गई. आग की ऊंची-ऊंची लपटें कई किलोमीटर तक देखी गईं. हालांकि इस भीषण अग्निकांड में कोई हातहात नहीं हुआ. फायर ब्रिगेड के जवानों ने करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पा लिया. घटना शुक्रवार शाम की बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार, टोलीचौकी स्थित एक तेल गोदाम में शुक्रवार शाम करीब 8 बजे भीषण आग लग गई. इसकी सूचना मिलते ही दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग को बुझाने में जुट गई. करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार सुबह 6 बजे आखिकार आग पर काबू पा लिया गया. राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. तेल गोदाम में आग कैसे लगी इसके कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है. पुलिस इसकी जांच कर रही है.

एक नजर

अज्ञात लोग बाइक चोरी कर फरार

भिलाई 16 मार्च। घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात ने जला दिया शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा नगर शिव मंदिर नया पारा दुर्ग निवासी दुलेश्वर देशमुख टाइल्स लगाने का काम करता है किराए के मकान में रहता है मकान के पास ही अपनी बाइक सीजी 07 सीपी 7152 को रखा हुआ था अज्ञात ने बाइक को चलाकर फरार हो गया आवाज आने पर पीड़ित घर के बाहर निकला तो बाइक पूरी तरह जल चुकी थी पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है तीन माह पूर्व ही बाइक को खरीदा था घटना कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र की है।

तालाब में डूबने से युवक की मौत

भिलाई 16 मार्च। नंदिनी थाना क्षेत्र तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि सुबह नंदिनी के पत्थर खदान में अशोक यादव नामक युवक डूब गया। युवक नंदिनी खुंदनी गांव में अपने जीजा और बहन के यहां निवास करता था। युवक यहीं रहकर मजदूरी करता था अशोक खदान में घर से नहाने के लिए निकला था कुछ देर बाद लोगों ने उसका का शव देखा आसपास के लोगों ने डायल 112 को कॉल कर घटना की जानकारी दी मौके पर एसडीआरएफ कमांडेंट नागेंद्र सिंह को भी सूचना दी गई एसडीआरएफ की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद निकला शव दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को खदान के बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचते ही टीम ने डीप डाइविंग की मदद से युवक को निकालने का अभियान शुरू किया एसडीआरएफ की टीम नंदिनी पुलिस को शव को सुपुर्द कर दिया नंदिनी पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

महिला चेन लूट की शिकार

भिलाई 16 मार्च। स्मृति नगर चौकी क्षेत्र मंदिर जा रही एक अधेड़ महिला चेन स्नॅचिंग का शिकार हो गई अज्ञात बाइक सवार आरोपित महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गया स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की है लेकिन अब तक कोई मामला नहीं दर्ज किया गया है एसबीआइ कालोनी खम्हरिया निवासी बीना जायसवाल (58) रोजाना की तरह शाम को भी कालोनी के पास स्थित मंदिर जा रही थी वह घर से निकली थी कि उसका पीछा करते हुए बाइक सवार एक युवक भी आया और चेन छीनकर फरार हो गया आरोपित की पतासाजी के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है।

प्लेट मिल ने दैनिक उत्पादन का बनाया नया कीर्तिमान

भिलाई, 16 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल, जिसका हाल ही में 45 दिनों का वृहद कैपिटल रिपेयर पूरा हुआ, ने 14 मार्च 2024 को 901 स्लैब से 6,680 टन प्लेटों की रोलिंग कर दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया है। मिल ने 21 अक्टूबर 2023 को हासिल किए गए 6,532 टन के पिछले दैनिक रिकॉर्ड को पार कर लिया है। 11 मार्च 2024 को मिल ने 8 मिमी मोटाई के 110 टन प्लेटों की रोलिंग की। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने टीम प्लेट मिल, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 और संबंधित शॉप्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उन्हें आगे भी श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय एकता शिविर में वैशाली नगर कॉलेज के स्वयंसेवक का चयन

भिलाई, 16 मार्च। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय ओडिशा द्वारा

16 मार्च से 23 मार्च तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर , ओडिशा में आयोजन किया जा रहा है। इस एकता शिविर में पूरे देश के विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों की भागीदारी होगी। विभिन्न राज्यों के संस्कृति और विरासत के आदान प्रदान कर देश की एकता को मजबूत करने की उद्देश्य से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के 1 कार्यक्रम अधिकारी एवं 8 छात्राओं का चयन किया गया है जिसमे इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर भिलाई के स्वयंसेवक हिमांशु कुर्वे का चयन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है । महाविद्यालय के स्वयंसेवक के चयन होने पर महाविद्यालय गौरवान्वित है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा श्रीमती अलका मेश्राम जी ने चयनित स्वयंसेवक को आशीर्वाद प्रदान कर प्रसन्नता व्यक्त किए। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ चांदनी मरकाम, सुरेश कुमार ठाकुर एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ कैलाश शर्मा, डॉ मेरिली रॉय, डा मीनाक्षी भारद्वाज, डा भूमिराज पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना समिति के सदस्य डॉ आरती दीवान, आई क्यू ए सी प्रभारी डा अल्पा श्रीवास्तव ने चयनित छात्र को बधाई दिया।

8 मुक्तिधामों के जीर्णोद्धार के लिए 2.48 करोड़ रुपए स्वीकृत

दुर्ग 16 मार्च। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुक्तिधामों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुक्तिधाम परिसर में शेड निर्माण,बाउंड्रीवाल,सहित विभिन्न अन्य कार्य एवं पेयजल तथा बैठक व्यवस्था दुरुस्त किया जायेगा। शोक सांत्वना देने हॉल बनाया जाएगा।एक साथ दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधाम परिसर पर होने वाले कार्य के लिए आज विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं रजनी विजय बघेल, के मुख्य अतिथि में भूमिपूजन किया गया। इन मुक्तिधामों में बाउंड्रीवॉल,बारिश के सीजन में कीचड़ से बचने पेवर ब्लॉक, शवदाह गृह शेड रिपेयरिंग, शवदाह गृह के नए शेड निर्माण,शोक सभा के लिए सभागृह, बैठने के लिए चबूतरा, पेयजल व्यवस्था, सहित अन्य निर्माण कार्य होंगे।

रिसाली निगम का 135 करोड़ 34 लाख 90 हजार का बजट पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली 16 मार्च। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने शुक्रवार को 135 करोड़ 34 लाख 90 हजार का 2024-25 के लिए बजट प्रस्तुत की। महापौर द्वारा लगभग 15 मिनट के बजट अभिभाषण प्रस्तुत करने के बाद सभापति केशव बंछोर ने विशेष सभा में बजट संकल्प पारित कराया। महापौर ने 6.91 लाख लाभ का बजट बताया। सत्ता पक्ष के पार्षदों ने सदन में पहले हाथ उठाया फिर बजट के समर्थन में मेज थपथपाकर ध्वनि मत से पारित किया। महापौर शशि सिन्हा ने अपने बजट अभिभाषण में कहा कि गत वर्षों में रिसाली शहर में अपनी उदयगामी पहचान बनाई है और हम रिसाली को उच्चस्तरीय शहरों के रूप में पहचान दिलाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। जनता के हित और विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे। इसके लिए रिसाली निगम और स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के बीच एक अनुबंध किया जा रहा है। इस अनुबंध के तहत रिसाली निगम क्षेत्र की जनता के लिए सुविधा डेवलप करेंगे। उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर स्वयं और सभापति केशव बंछोर कुलपति एम.के.वर्मा से चर्चा भी कर चुके है। बजट के लिए बुलाए गए विशेष सभा में महापौर परिषद के सदस्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे। बजट अभिभाषण के बाद सभापति केशव बंछोर ने पार्षदों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू समेत पार्षद धर्मेन्द्र भगत, विधि यादव, हरीशचंद्र, खिलेन्द्र चन्द्राकर व सविता ढवस, रमा साहू ने सत्ता पक्ष को घेरने का प्रयास किया। बाद में सभापति ने बहुमत के आधार पर बजट संकल्प पारित किए जाने की घोषणा की।

पार्षदों के वे प्रस्ताव जिसे बजट में शामिल किया गया

- निगम में नए वाहन खरीदने संबंधी प्रस्ताव को हरी झंडी।
- निगम जल्द ही शव वाहन की खरीदी करेगा।
- गोबर गैस कनेक्शन संबंधी योजनाओं में तेजी लाया जाए।
- रिसाली निगम में चलित शौचालय की व्यवस्था हो।
- निगम अन्य खाली जगहों में पौनी पसारी की तर्ज पर चबुतरा निर्माण और गुमटी वितरण व्यवस्था करे।
- मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था हो।
- डॉग हाऊस का निर्माण हो।
- उद्यानों का बेहतर रख रखाव हो।
- साप्ताहिक बाजार वाले स्थानों में पार्किंग की व्यवस्था हो।
- सार्वजनिक मंगल भवन का निर्माण हो।

जामुल में 75 प्रतिशत वोट भाजपा को: बंछोर

जामुल 16 मार्च। भाजपा जामुल मंडल शक्ति केंद्र क्रमांक 1 के सभी बूथों में बुथ अध्यक्ष के मौजूदगी में सघन लाभार्थी जनसंपर्क अभियान कार्यकर्ताओं द्वारा चलाया गया। इस कार्यक्रम में 200 लाभार्थी के घरों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा चल रही जनकल्याण योजनाओं को विस्तार से बताया गया। इस बीच भिलाई जिलाउपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, महामंत्री द्वय बंटी गुप्ता लाभार्थी संयोजक, नूतन वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, पूर्व पार्षद व सहसंयोजक मेघनाथ साहू, बुथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, बुथ अध्यक्ष कुशन गर्ग, बुथ अध्यक्ष ऋषभ बंछोर, पंडित कमल पांडे, नारायण गौतम, प्रहलाद जंघेल के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आदर्श चुनाव संहिता से पहले सांसद पाण्डेय ने किया 53 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 16 मार्च। आदर्श चुनाव संहिता से पहले राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने आज राजनांदगांव रोड में साहू समाज सामुदायिक भवन के पास विभिन्न वार्डो में निर्मित होने वाले सामुदायिक, सामाजिक, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होनें विभिन्न समाजों के मांगो को ध्यान में रखते हुए सांसद निधि मद से 53 लाख 50 हजार रू.की स्वीकृति प्रदान की है राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे ने वार्डो में निर्माण होने वाले सामाजिक सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन कर उपस्थित समाज प्रमुखों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

सांसद निधि अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण, केंवट पारा वार्ड क्रं. 16 कवर्धा 5.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत शौचालय निर्माण वार्ड कं. 10 सामुदायिक भवन के पास जायसवाल पारा कवर्धा 5.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत सांस्कृतिक मंच निर्माण वार्ड क्रं. 08 गोकुलधाम कॉलोनी गली 1.50 लाख, सांसद निधि अंतर्गत सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण वार्ड क्रं. 09 सरदार पटेल मैदान के पास कवर्धा 5.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण, वार्ड क्रं. 08 विप्र भवन के पास कवर्धा 5.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत हैण्ड पम्प खनन एवं शेड निर्माण कार्य वार्ड क्रं. 17 पशु औषधालय के पास 4.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत सांस्कृतिक भवन निर्माण, सांई मंदिर के पास लोहारा रोड साहू पारा वार्ड क्रं. 01 कवर्धा 20.00 लाख, सांसद निधि अंतर्गत वार्ड क्रं. 01 शिवाजी कॉलोनी कवर्धा में सांस्कृतिक भवन निर्माण 8.00 लाख के कार्यो का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक व संसदीय डॉ. सियाराम साहू सभापति उमंग पांडे, प्रमोद शर्मा, रिंकेश वैष्णव, पवन जायसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीकांत उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, जिला भाजयुमो मनीराम साहू, ईश्वरी साहू, सीताराम साहू, विजय पाली, देवा साहू, योगेश चंद्रवंशी, ब्राम्हण समाज, निषाद समाज, वैष्णव समाज, जायसवाल समाज के रमेश साहू, मानसिंह साहू, भीम साहू, खेमराज साहू, कौशल साहू, भागबली साहू, हरि राम, विजय, सुद्रु तिवारी, सुनील जोशी, एस पी शुक्ला, हरेन्द्र निषाद, रामफल निषाद, रूपेन्द्र जायसवाल, बद्री जायसवाल, रामकुमार सिन्हा, मनोज वैष्णव, पिन्टू दोषी, रामकुमार ठाकुर सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधिगण, वार्डवासी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

हिन्दू राष्ट्र के लिए बजंरगदल संकल्पित: प्रवीण तोगड़िया

भिलाई 16 मार्च। एक राष्ट एक कानून की महत्ता का कार्य देश मे चल रहा है।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश की अखंडता के लिए दृड संकल्पित है।कश्मीर से धारा 370 हटाकर वहा के निवासियो को देश की मुख्य धारा से जोड़ दिया है।इसी कडी मे आज बजंरगदल हर गली मोहल्ले मे हनुमान चालीसा का पाठ शुरु किया है।जिसके अतगंर्त बंजरगदल के कार्यकर्ता हिन्दु राष्ट निर्माण के साथ साथ हिन्दुओ की रक्षा का भी दायित्व सम्हलेगे।हिन्दुत्व का सम्मान करना हर हिन्दु का पहला कर्त्तव्य होना चाहिए। छतीसगढ की राजधानी रायपुर मे आज 42 जगहो मे हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा है।वही भिलाई दुर्ग मे भी बंजरग दल के कार्यकर्ता हनुमान चालीसा का पाठ शुरु करने जा रहे है। उक्त बाते राष्टीय बंजरग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां प्रवीण भाई तोगड़िया ने अपने छत्तीसगढ प्रवास के दौरान भिलाई कैम्प 2 मे हनुमान मंदिर मे बंजरग दल के कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुए कही ।उक्त कार्यक्रम मे मुकेश सोनकर,उमा सोनकर,इंदौर,गीता विश्वकर्मा, पुष्पा दहाड, बंसता खरे,अमर सोनकर, मुन्ना आर्य, त्रिलोचन सिगं,धर्मेन्द्र सहित सैकड़ो बजंरगदल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परियोजना विभाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन संपन्न

भिलाई, 16 मार्च । भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग के सभागार में 14 मार्च को मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक हरीश कुमार साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आर के श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में इस कार्यशाला को अत्यंत ही उपयोगी बताया और कहा कि हिंदी के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी का उपयोग करके हम कार्यालयीन कामकाज को अत्यंत सहज व सरल बना सकते हैं। हरीश कुमार साहू ने कहा कि हिंदी हम सबकी प्रिय एवं प्रमुख भाषा है। छत्तीसगढ़ में निवासरत हम में से अधिकांश लोगों की मातृभाषा भी हिंदी ही है। हम सारा संवाद हिंदी में ही करते हैं और अधिकतम कार्यालयीन लेखन का कार्य भी हम हिंदी में ही करते हैं। शत- प्रतिशत पत्राचार एवं नोटिंग, ड्राफ्टिंग तथा नोटशीट आदि का कार्य हिंदी में ही करने की दिशा में परियोजनाएँ विभाग निरंतर अग्रसर है। महाप्रबंधक शंकर सिंह नेताम एवं विभागीय समन्वय अधिकारी ने राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन की दिशा में विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय कार्यों के विषय में जानकारी दी। सीनियर स्टाफ असिस्टेन्ट सुरेन्द्र कुमार चौहान ने परियोजना विभाग की ओर से राजभाषा हिंदी का विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन किया एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली सैप में हिंदी में नोटशीट बनाने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला का संचालन सीनियर ओसीटी मुकेश राव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी शंकर सिंह नेताम ने किया।

लाभार्थी संपर्क अभियान में विधायक रिकेश सेन ने घर-घर दी दस्तक, पूछा कुशलक्षेम

भिलाई, 16 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वार्ड-15 अम्बेडकर नगर, वार्ड-25 में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के घर पहुंच कर उनसे सम्पर्क किया। विधायक सेन ने वार्ड 15 गांधी नगर में पूनिया बाई, जमुना साहू, नीतू शुक्ला, सारिका चुरहे, प्रीति बंजारे, अमरीका बम्बोले, सुखविंदर कौर, कृष्णा सिंह, उषा मानिकपुरी, सतरूपा देवदास, रूपई बाई, पवित्री साहू, किरण पाठक, राधा बाई, नेमीन बाई साहू, टिकेश्वरी साहू, बिमला साहू, दुर्गा द्विवेदी, कुंजिया बमभोले, राहुल कटोटिया, जानकी देवी, मंजू डाहरे, काशीनाथ शर्मा, कुसुम सोनकर, संतोषी यादव, रेखा चित्रीय, मेहरून निशा, विद्या मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, सुशीला लांजेवार, रेशमा बानो, सुभाष बेहरा, मोहम्मद मिनाज, विजय लक्ष्मी, हफीज खान, सोनमती देवी, संतोषी, सुदामी देवी, बलिंदर कौर, कुंती विश्वकर्मा, दुलारी बाई आम्रपाली वार्ड 25, मनीषा शाह, देवराज दलाई, हीरामनी, तमन्ना खातून, परदेशीन बाई, मंजू बंजारे, तीजहारीन, हीरामती देवी सहित अनेक पीएम आवासधारियों से संपर्क कर उनसे कुशलक्षेम जाना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, मनोज तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, मुरलीधर गुलहाने, अखिलेश सिंह, रिंकू पाल, पवन सिंह, अवतार सिंह, कुबेर शर्मा, मनीष सिंह, हर्षित राजपूत, अंकुर शर्मा, सतबीर सिंह, गुरमुख सिंह, सतीश सिंह, रमाकांत गुप्ता, रमेश सिंह, राजेश चौधरी, रवि राजपूत, इरफान खान, विष्णु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांसद विजय बघेल को बंछोर ने दी जन्मदिन की बधाई

जामुल 16 मार्च। सांसद विजय बघेल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर साथ में मंडल अध्यक्ष जोगेशवर सोनी महामंत्री नूतन वर्मा प्रशांत गुप्ता मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह ओमप्रकाश साहू जगदीश देवांगन प्रहलाद जंघेल लेखराम पाल किशन गर्ग अरुण यादव हलधर साहू अनूपराय युवा महामंत्री कुलेश्वर वर्मा अशावनी पाण्डेय देवदत्त शर्मा पवन देवांगन संतोष ठाकुर दौवाराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्ता शामिल हुए।

टाउनशिप की सात ओवर हेड आरसीसी पानी टंकियों के संधारण कार्य का शुभारंभ

भिलाई, 16 मार्च । भिलाई टाउनशिप स्थित बीएसपी की सात पानी टंकियों के संधारण कार्य का शुभारंभ 15 मार्च को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा, सेक्टर 6 स्थित पानी टंकी परिसर में नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले, महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक व महाप्रबंधक के के यादव, अतिरिक्त महाप्रबंधक परितोष गोयल, उप महाप्रबंधक डी सी सिंह, सहायक महाप्रबंधक राघवेन्द्र गर्ग, सहायक महाप्रबंधक अनिल सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, वरिष्ठ प्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद भोंडेकर, उप प्रबंधक मनोज सिंह सहित नगर सेवाएं विभाग के विभिन्न सेक्शन के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

मोहलाई में नए प्राचार्य का स्वागत

उतई 16 मार्च। शासकीय हाई स्कूल मोहलाई ,दुर्ग, में प्राचार्य के पद पर लखन लाल साहू के कार्यभार ग्रहण करने से हर्ष का माहौल है। ग्राम पंचायत के सरपंच एवम् शाला परिवार के सदस्यों ने गर्मजोशी से नव नियुक्त प्राचार्य लखन लाल साहू का स्वागत किए ।सरपंच श्रीमती खेमिन निषाद के प्रतिनिधि पूर्व सरपंच भरत निषाद ने बधाई देते हुए कहा कि अनुभवी व्यक्ति का संस्था प्रमुख बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। प्राचार्य लखन लाल साहू ने कहा कि सब मिलकर जी जान से छात्र हित में और शाला के चहुंमुखी विकास के लिए काम करेंगे। प्राचार्य ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर निलेश श्रीवास्तव,पुनीत साहू,रविकांत बाघे, दानेश्वर साहू,रविकांत यादव,गीतांजलि तिवारी, हेमंत देवांगन,अंजली साहू, तिलक सेन,मुकेश तिरपुड़े,गौरी दुबे, देवलाल यादव उपस्थित थे।

सब जूनियर (बालिका) चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 17 को

उतई 16 मार्च। छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर कबड्डी बालिका चैंपियनशिप का आयोजन दिनांक 19 मार्च से 21 मार्च 2024 तक बालको कोरबा छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित किया जा रहा है जिसका ट्रायल /चयन स्पर्धा दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ के द्वारा 17 मार्च दिन रविवार को एकलव्य क्लब ग्राम डूमरडीह (उतई) जिला दुर्ग छ.ग.में रखा गया है। ट्रायल व चयन स्पर्धा में बालिका वर्ग के लिए उम्र 4 अप्रैल 2024 तक 16 वर्ष से अधिक ना हो तथा वजन 55 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए जिसमें खिलाड़ी को आधार कार्ड मूल प्रति और छाया प्रतिलिपि और अंक सूची मूल प्रति व छाया प्रतिलिपि जिसमें जन्मतिथि अंकित हो साथ में लेकर आवे साथ ही एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आवे। प्रवेश शुल्क प्रति टीम ?100 है। इस ट्रायल में दुर्ग ,धमधा, पाटन ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी की भाग लेने के पात्र होंगे तथा शहरी/ नगरीय क्षेत्र के खिलाड़ी भाग नहीं ले सकते। यह ट्रायल केवल बालिका वर्ग का है। ट्रायल मेट में होना है व ट्रायल दोपहर 2ः00 बजे 17/3/2024 को रखा गया है।पंजीयन दोपहर 2ः30 तक ही होगा विलंब से आने वाले खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होंगे।समय का विशेष ध्यान दें ।इसकी जानकारी एकलव्य क्लब के अध्यक्ष जेबा खान ने दिया।

लोकसभा निर्वाचन: मास्टर ट्रेनरों को दिया गया आधारभूत प्रशिक्षण

कवर्धा 16 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी मास्टर ट्रेनर की आधारभूत प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी मास्टर ट्रेनर को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए प्रत्येक बिंदू पर स्पष्टता से निर्वाचन में लगे अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के अनुभव का लाभ लेते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन को सुगमता मे त्रुटि रहित संपन्न कराने के संदर्भ में निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने मतदान के दौरान किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनरों को उनके जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाने तथा मतदान दलों को निर्वाचन की बारीकियों से अवगत कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। जिला मास्टर ट्रेनर व सहायक संचालक एमके गुप्ता द्वारा नियुक्त सभी मास्टर ट्रेनरों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को बताया कि आगामी दिनों में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों को प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम व्हीव्हीपैट मशीन, हैड्स ऑन कराते हुए मॉकपोल से पूर्व, मॉकपोल के दौरान तथा वास्तविक मतदान के दौरान निभाएं जाने वाले प्रॉटोकाल की जानकारी दी गई। मतदान केंद्र में मतदान दिवस में मतदान कर्मियों के द्वारा किए जाने वाले आचरण के संबंध में भी अवगत कराया गया। उन्हांने पीठासीन और मतदान अधिकारियों के दायित्व, ईवीएम मशीन को जोड़ने के संबंध में, सामाग्री मिलाने, आवश्यक जरूरी लिफाफा, संविधिक, असंविधिक प्रपत्र, मतदान केन्द्र में उपलब्ध सुविधा, मतदान अधिकारियों के आने जाने की सुविधा के साथ मशीनों का प्रदर्शन एवं निर्धारित प्रपत्र को भरकर दिखाया गया। इस दौरान मतदान प्रशिक्षण के कार्यों से लेकर मतदान सामाग्री जमा होने तक के सभी कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर गुप्ता ने पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा को शुद्धतापूर्वक भरकर जमा करने के संबंध में अवगत कराया।

एक नजर

सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

राजनांदगांव,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन में अवैध

गांजा - शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 15.03.2023 को मुखबीर सूचना पर से चिखली गौठान के पास अंको पर रूपये पैसे का दांव लगवाकर सटटा पटटी लिख रहे श्यामु साहू पिता पीलाराम साहू उम्र 30 निवासी चिखली शीतला मंदिर रोड पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव छ0ग0 को सटटा पटटी लिखते पकडा गया व आरोपी के पास से नगदी रकम 1010/- व सटटा पटटी को जप्त किया इसी तरह से ग्राम तिलई में अंको पर रूपये पैसे का दांव लगवाकर सटटा पटटी लिख रहे कामेश यादव पिता हुमन यादव उम्र 28 साल निवासी ग्राम जराही थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 को सटटा पटटी लिखते पकडा गया व आरोपी के पास से नगदी रकम 960/- रूपये व सटटा पटटी जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया, उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, प्र0आर0 अरूण कुमार नेताम, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 राजकुमार बंजारा, सिंधु सिन्हा, तामेश्वर भुआर्य एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

मरम्मत के लिए बंद रहेगा रोपवे

डोंगरगढ़ ,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 09 मार्च से 17 मार्च 2024 तक चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा, जिसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थिगण माता जी के दर्शनार्थ के लिये डोंगरगढ़ आगमन होगा, जिसे ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य 19 मार्च से 26 मार्च कुल 03 दिनो तक किया जावेगा, जिससे रोप-वे का संचालन बंद रहेगा । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत प्रारंभ होगा ।उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी ।

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने शुरू किया 'टॉक फॉर रायपुर' पॉडकास्ट शो

रायपुर,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़) अपनी प्रतिभा से रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले शख्सियतों को मंच प्रदान करते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने ÷टॉक फॉर रायपुर÷ पॉडकास्ट शो की शुरूआत की है। इसके तहत उन सभी कलाकारों, साहित्यकारों, गायकों, सोशल मीडिया के ख्यातिलब्ध इनफ्लुएंसर्स, स्टार्ट-अप्स को दिशा दे रहें युवाओं सहित नामचीन लोगों के अनुभव और उनकी जीवन यात्रा से संबंधित बातें साझा की जाएगी। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने बताया कि रायपुर व छत्तीसगढ़ को दिशा दे रहें लोगों को मंच प्रदान कर दूसरों को भी प्रेरित करने इस शो की शुरूआत की गई है। पॉडकास्ट का प्रसारण ÷मोर रायपुर एप्प÷ के जरिए होगा और इस एप्प को डाउनलोड कर इस शो से लोग जुड़ सकेंगे। इसके अलावा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्युब में यह शो उपलब्ध है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री आशीष मिश्रा इस शो को होस्ट कर रहे है। शो के अंतर्गत आने वाले एपिसोड में चर्चित हस्तियों के इंटरव्यू का प्रसारण होगा।

सीईओ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई

राजनांदगांव ,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई। सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए सभी को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के संबंध में आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस दौरान पद्मश्री श्रीमती फूलबासन यादव, प्राचार्य डॉ. केएल टाण्डेकर, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह सहित दिग्विजय महाविद्यालय के महिला प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

सिर पर पानी मटका ढोने से मिली मुक्ति

राजनांदगांव ,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरगांव के आश्रित ग्राम माहुलझोपड़ी में कभी गांव की महिलाएं सर पर कभी मटका ढोकर पानी भरने जाती तो कभी हैंडपंप के सामने लम्बी कतार लगाया करती थी पर आज जल जीवन मिशन योजना के आने से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के कुल 42 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। अब माहुलझोपड़ी की सभी महिलाएं प्रसन्न है। अब उन्हें हैंडपंप तथा कुएँ के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती। जिले के लगभग सभी ग्रामों में जल जीवन मिशन के लिए मिशन मोड में व्यापक स्तर पर पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस बारे में माहुलझोपड़ी के सरपंच कुमान सिंह नेताम अपने पहले के अनुभवों को साझा करते हुए बताते है कि किस प्रकार गांव में पहले लोगों को पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था. हैंड पंप,कुआ इत्यादि पर निर्भर रहने के कारण समय बहुत व्यर्थ होता था.

सरकारी कर्मियों का डीए चार फीसदी बढ़ा, पेंशनरों को भी होगा लाभ

रायपुर,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अधिकारी-कर्मचारियों तथा मीडियाबंधुओं के हित में पांच अहम फैसले लिये। इनमें अधिकारी-कर्मचारियों को सातवें वेतनमान पर चार प्रतिशत का महंगाई भत्ता देना भी शामिल है। इसका लाभ पेंशनरों को भी मिलेगा। महंगाई भत्ते की यह राशि एक मार्च 2024 की तिथि से मिलेगी। राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त की राशि का भुगतान भी होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती निहारिका बारिक की अध्यक्षता में एक समिति भी बनाई है जो कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में समीक्षा करेगी और इनके निराकरण से संबंधी सुझाव शासन को प्रस्तुत करेगी। ग्राम पंचायत सचिवों को भी राहत देते हुए उनके 55 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। अर्जित अवकाश में यह हड़ताल अवधि समायोजित होगी। इन निर्णयों से होली के त्यौहार में कर्मचारियों के परिवारों में खुशियों के और भी रंग भर जाएंगे।

अब महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत

महंगाई भत्ते में वृद्धि की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान में 04 प्रतिशत महंगाई भत्ते में एवं पेंशनरों के महंगाई राहत में 04 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत 1 मार्च 2024 से दिया जाएगा। इसके फलस्वरूप महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की दर सातवें वेतनमान में 42 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में यह 230 प्रतिशत हो जाएगी। इस निर्णय से राज्य के 3 लाख 90 हजार कर्मचारी तथा 1 लाख 20 हजार पेंशनर लाभान्वित होंगे। इस निर्णय से राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को प्रतिमाह 68 करोड़ रुपए तथा साल में 816 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त होगा।

सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त भी मिलेगी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों की सातवें वेतनमान के एरियर्स की अंतिम किश्त प्रदान करने की घोषणा भी की।

हड़ताल अवधि का वेतन पंचायत सचिवों को मिलेगा

मुख्यमंत्री ने आज संवेदनशील निर्णय लेते हुए ग्राम पंचायत सचिवों को भी राहत दी। ग्राम पंचायत सचिव पिछले साल 16 मार्च 2023 से 9 मई 2023 तक कुल 55 दिन हड़ताल पर थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवों की हड़ताल अवधि को उनके अर्जित अवकाश में समायोजित करते हुए उन्हें 55 दिनों का वेतन भुगतान किया जाएगा। इस निर्णय से राज्य शासन पर 70 करोड़ रुपए का व्यय-भार आएगा।

कर्मचारियों की समस्याओं पर बनी समिति

मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारी भाईयों ने बहुत सी मांगों और समस्याओं के संबंध में अपनी बातें हमसे साझा की हैं। हम उनकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता से समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के हल के लिए प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती निहारिका बारीक की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति बनाई है। समिति विभिन्न कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर शासन को कर्मचारी हित में उचित सुझाव देगी। इस समिति में अध्यक्ष के अलावा प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, सचिव वित्त सदस्य होंगे और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण शाखा) सदस्य सचिव होंगे।

पत्रकारों को न्याय दिलाने गृह सचिव की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों एवं मीडियाजगत से जुड़े बंधुओं के खिलाफ उत्पीड़न की अनेक शिकायतें सामने आईं थीं। इस संबंध में हम गृह सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की घोषणा करते हैं। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस कमेटी में पत्रकारों समेत अन्य सदस्यों को भी नियुक्त किया जाएगा।

अंधे कत्ल की गुत्थी 12 घंटे के अंदर सुलझी

- पत्नी ने अपने प्रेमी एवं उसके दोस्त के साथ मिल कर कराई पति की हत्या ।
- हत्या कर लाश को पेरावट में जला कर लगाया ठिकाने

डोंगरगढ़ ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है! पुलिस से मिले प्रेस नोट के अनुसार 12 मार्च 2024 को सूचना मिलने पर की ग्राम सहसपुर में कोई अज्ञात व्यक्ति का शव जला हुआ पड़ा है की सूचना पर पुलिस चौकी मोहरा प्रभारी एवं टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। घटना स्थल पर शव का पूरी तरह से जल जाना शव का छत-विछत स्थिति में पाया जाना व चौकी मोहारा में तत्कालीक में कोई गुम इन्सान का दर्ज ना होना पूरी वस्तिस्थिति के संबंध में पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामले की खोजबीन कर शव की पहचान एवं आरोपियों की पता तलाश हेतु नर्देश दिये जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी मोहारा एवं सायबर सेल की टीम गठित कर मामले की तह तक जाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। घटना स्थल पर साइबर सेल की टीम, एफएसएल टीम, डॉग स्कार्ड की मदद लेकर जांच प्रारंभ की गई। अज्ञात शव के कोई पहचान ना होने से अज्ञात में मर्ग कायम कर मृतक के शव का डी.एन.ए. हेतु फोरेंसिक लेब रायपुर भेजा गया। घटना स्थल निरीक्षण व परिथितिजन्य साक्ष्य के आधार पर मृतक की पहचान सुकालु कंवर निवासी सहसपुर के नाम से पुलिस को संदेह हुआ। जिसपर पुलिस ने मर्ग जांच के दौरान मृतक की पत्नी केसर बाई से पूछताछ प्रारंभ किया जो केसर बाई अपने पति का दिनांक 27 फरवरी 2024 से घर से बिना बताये कहीं चले जाना व थाना चौकी में कोई रिपोर्ट दर्ज ना कराना बताई। संदेही केसर बाई द्वारा स्वयं के मोबाईल को शव मिलने के दिनांक से गुम जाना बताई। केसर बाई से कड़ाई से पूछताछ पर 27 फरवरी 2024 को अपने पूर्व प्रेमी मनेश उर्फ मनीष तथा मनेश का दोस्त जितेंद्र उर्फ जीतू यादव को ग्राम के शादी में सम्मिलित होने बुलवाकर अपनी पति को उनके साथ शराब लेने के लिए शराब भट्ठी कटली भेजी जो योजना अनुसार मनेश व जितू द्वारा मृतक के घर के पीछे ईमली झाड़ के पास शराब पिला कर नशे की हालत में आने के बाद जीतू द्वारा पास रखे पत्थर से सिर पर वार किया तभी मनेश द्वारा गमझे से मृतक के गले को दबा कर हत्या कर दी गई और थोड़ी दूर घसीटते लेजाकर पेरावट में ले जाकर जला दिये। शव पूरी तरह से जल जाने व घटना की जानकारी करीब 15 दिन बाद होने से और जानवरों द्वारा शव छत-विछत हो जाने से शव की शिनाख्तगी में पुलिस को दिक्कत आ रही थी पर घटना स्थल निरीक्षण व परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं तकनिकी जानकारी के आधार पर जांच करने से मृतक की पहचान सुकालू कंवर के रूप में की गई जिसकी हत्या पत्नी केसर बाई अपने प्रेमी मनेश उर्फ मनीष तथा मनेश का दोस्त जितेन्द्र उर्फ जीतू यादव द्वारा मिलकर प्रेम प्रसंग के चलते करना पाया गया। जिसके अधार पर मर्ग जांच पर से पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 147/2024 धारा 302, 201, 34 भा.दं.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया। साक्ष्य के आधार पर पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों द्वारा जुर्म कबूल करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्रभारी साइबर सेल राजनांदगांव निरीक्षक जितेंद्र वर्मा, थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी.आर.चन्द्रा, प्रभारी पुलिस चौकी मोहारा उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, थाना मोहारा से सउनि महेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक महादेव साहू आरक्षक मनीष सोनकर आरक्षक ऋषि दास मानिकपुरी, आरक्षक आनंद देवाले, आरक्षक दिनेश आरक्षक मनोज वर्मा एवं सायबर टीम से आरक्षक मनीष वर्मा आरक्षक जोगेश राठौर, परिवेश वर्मा, आरक्षक हेमंत साहू एवं आरक्षक आदित्य सिंह का विशेष योगदान रहा।

मृतक सुकालू राम

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक भाजपा की बैठक

सोशल मीडिया में एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे

डोंगरगढ़ ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मैदान में उतरने से राजनैतिक गलियारों में घमासान सा मच गया है। इस लोकसभा सीट पर दोनों राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशी मंच से लेकर सोशल मिडिया तक एक-दूसरे पर जमकर निशाना साध रहें हैं। सांसद संतोष पांडे शुक्रवार को अपने डोंगरगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर थे। जहां उन्होंने विधानसभा कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयो की बैठक ली और आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रामजी भारती, भाजपा नेता हरविंदर एस मंगे, सुरेंद्र बन्नोआना, महेंद्र अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष शहर अमित जैन, ग्रामीण जैन कुमार मेश्राम,युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा महामंत्री विजेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि परविंदर एस मोंटी, प्रिंस कक्कड़, संतु राव, रमन डोंगरे, तुलसी मिश्रा,मनीष चक्रवर्ती, मुकेश रामटेके, डिंपी महापात्रा, अमित बोस सहित भाजपा महिला मंडल की नेत्रियों सहित भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बघेल के ट्वीट पर किया पलटवार

डोंगरगढ़ में कार्यकर्ताओं की बैठक खत्म होने के बाद मिडिया से चर्चा करते हुए सांसद संतोष पाण्डेय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिछले दिनों सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के जवाब में कहा कि, यह राजनांदगांव की जनता के असंतोष का ही फल है कि, आज कांग्रेस की सरकार राज्य से उखड़ गई हैं। आज वे किस स्तिथि में पहुच गए हैं।

सीआरसी सेंटर ठाकुरटोला में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राजनांदगांव 16 मार्च। एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सीआरसी राजनांदगांवद्वारा नया सीआरसी भवन ठाकुरटोला राजनांदगाँव में भारतीय पुनर्वास परिषद् के तहत तीन दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का आयोजन विषय एनआईपीआईडी भारतीय बुद्धिमत्ता परीक्षण पर 13 और 15 मार्च 2024 को ऑफ लाइन सीआरआई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सीआरई कार्यक्रम में अलग-अलग जिलों से सभी आरसीआई पंजीकृत 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया., जिसका उद्घाटन डॉक्टर सुनीता देवी एनआईपीआईडी, निदेशक श्रीमती स्मिता महोबिया एवं सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान श्री प्रशांत मेश्राम ने किया.

छुरिया आगमन पर भूपेश बघेल का जोशीला स्वागत

छुरिया ,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। जिले मे काग्रेंस पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज शाम 5 बजे कुमर्दा से छुरिया नगर आगमन हुआ सबसे पहले ब्लाक काग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष रितेश जैन, विधानसभा प्रभारी रमेश खण्डलेवाल, महामंत्री रमेश जैन ,काग्रेंस नेता एकनाथ सिन्हा, जावेद मेमन ,भावेश सिन्हा ,शकील कुरैशी राधेठाकुर व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने जिला काग्रेंस प्रवक्ता राहुल तिवारी के निवास पर फूल माला से स्वागत किया जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को



धान से तौला गया उसके बाद नगर भ्रमण कर रोड शो शितला मंदीर दर्शन किया लोकसभा उम्मीदवार का छुरिया आगमन के पूर्व रास्ते मे शिकारी माहका मे ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया छुरिया ब्लाक के कार्यवाहक ब्लाक काग्रेंस कमेटी केअध्यक्ष राजू सिन्हा के निवास मे पहचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके निवास मे स्वल्पाहार किया उसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का काफिला छुरिया स्थिति समुदायिक भवन पहुंचे जहाँ क्षेत्र के कार्यकर्ता व आम लोगों से ने स्वागत किया खचाखच भरे समुदायिक भवन मे स्वागत पश्चात सर्व प्रथम खुज्जी के पूर्व विधायक छन्नी साहू, ने सभा को संमबोधीत करते हुए कहा काग्रेंस सासन काल मे खुज्जी विधानसभा मे बिजली के क्षेत्र भरपूर कार्य हुआ काग्रेंस के सरकार मे प्रदेश के किसान खुशहाल व कर्जा मुक्त हुए पूर्व विधायक प्रकाश यादव ने अपने संबोधन मे भाजपा पर हमला करते हुए भाजपा ने महतरी वंदन योजना मे महिलाओं ठंगा खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू ने अपने संमबोधन मे कहा भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ मे मुख्यमंत्री रहते हुए किसान व आम लोगो बहोत भला किया है साहू ने आगे भाजपा महिलाओं के साथ वादा खिलपी किया है अंत मे राजनांदगांव लोकसभा उम्मीदवार भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं व आमजनों को संबोधित करते हुए कहा आज भाजपा सरकार किसान को तीन माह बाद उनके खाते मे 3100 धान का समर्थन मूल्य डाला वह सिर्फ हमारे सरकार के वजह से दिया है आगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा जीस छत्तीसगढ़ को देश व दुनिया मे नकस्ली घटनाओं के वजह से जानते थे मगर जब प्रदेश मे हमारे काग्रेंस का सरकार बना तब हमारी सरकार छत्तीसगढ़ के संसकृति को लागू किया जीसका चर्चा पूरे देश मे है।

साामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 23 मार्च तक वार्डों में शिविर

राजनांदगांव ,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जनवरी का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 1 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 मार्च को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेण्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेण्ड्री में व रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में, 20 मार्च को गुरूगोविंद सिंह वार्ड नं. 24 के लिये सिंधु भवन लालबाग में, शीतला माता वार्ड नं. 25 के लिये पुत्री शाला में व रानी सूर्यमुखी वार्ड नं. 26 के लिये पार्षद कार्यालय सत्यनारायण धर्मशाला के बाजू में, 21 मार्च को सुभाष वार्ड नं. 27 व तिलक वार्ड नं. 28 के लिये कन्या प्राथमिक शाला भरकापारा में, विवेकानंद वार्ड नं. 29 के लिये मठपारा सामुदायिक भवन में व कैलाश वार्ड नं. 30 के लिये पार्षद कार्यालय कैलाश नगर में, 22 मार्च को जनता कालोनी वार्ड नं. 31, संजय वार्ड नं. 32, लखोली वार्ड नं. 35 व सेठीनगर वार्ड नं. 36 के लिये यादव भवन गौठान लखोली में तथा 23 मार्च को लखोली वार्ड नं. 33 के लिये कबीर भवन बैगापारा लखोली में व कन्हारपुरी वार्ड नं. 34 के लिये शंकर भवन कन्हारपुरी में शिविर का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11-30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जनवरी 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि समाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

अवैध शराब बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

डोंगरगढ़,,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)। जिले में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान एवं धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत एवं आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर अपराध के रोकथाम हेतु एवं अगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है इसी अभियान के तहत 15 माच.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में गस्त पेट्रोलिंग कर एवं होटल/ढाबा चेक कर अवैध शराब बिक्री करते मिलने पर निम्न कार्यवाही किये गये है- 01. अपराध क्र0-148/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट- आरोपी सनद कुमार ढीमर पिता स्व0 गजराम ढीमर उम्र- 38 साल, साकिन ढीमरा पारा वार्ड न0- 19, डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को ढीमरा पारा में अवैध शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा मशाला प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरी हुई कुल मात्रा- 6.300 बल्क लीटर किमती- 3850/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही किया गया है। 02. अपराध क्र0-149/2024 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट- आरोपी संजु थापा पिता स्व0 धनबहादुर थापा उम्र- 29 साल साकिन रजानगर वार्ड न0- 21, डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव को रजानगर आरोपी के घर के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़कर आरोपी के कब्जे से 40 देशी प्लेन शराब कुल मात्रा- 7.200 बल्क लीटर किमती- 4800/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया है।

फर्जी एग्रीमेंट, दस्तावेज तैयार कर भूमि विक्रय के आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रार्थी कपिल वरू पिता पुरूषोत्तम भाई वरू निवासी रिद्धी सिद्धी कालोनी राजनांदगांव द्वारा थाना घुमका आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पटेवा, मासूल, रेंगाकठेरा, ईरइखुर्द स्थित प्रार्थी के एवं उनके परिजनों के नाम संयुक्त रूप से उनके स्वामित्व की भूमि करीब 60 एकड को आरोपी हिमांशु साहू एवं पियुष त्रिपाठी के द्वारा आपस में मिलकर धोखाधडी के प्रयोजन से फर्जी तरीके से भूमि स्वामियों के फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित स्टाम्प व इकरारनामा तैयार कर प्रार्थी के उक्त भूमि को आरोपी हिमांशु साहू द्वारा क्रय करने के एवज में एक करोड रूपये बयाना राशि भूमि स्वामी को देना बताकर कूटरचित दस्तावेज, एग्रीमेंट लोगों को दिखाकर बिक्री करने के लिए खरीददार ढुंढ रहे है। प्रार्थी की सूचना पर थाना घुमका में आरोपीयों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 37/2024 धारा 420,467,468,511,34,120-क्र भादवि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप कुमार सिसोदिया के निर्देशन में थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी हिमांशु साहू एवं पियुष त्रिपाठी को तत्काल दिनांक 15-03-2024 को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। आरोपीयों द्वारा पुछताछ में धोखाधड़ी के प्रयोजन से भूमि स्वामीयों का फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी एग्रीमेंट व स्टाम्प तैयार कर प्रार्थी के भूमि को बिक्री करने हेतु ग्राहक ढूंढना स्वीकार किया गया। आरोपीयों के कब्जे से फर्जी एग्रीमेंट, स्टाम्प व जमीन के दस्तावेज एवं घटना में प्रयुक्त चार पहिया क्रेटा वाहन क्रमांक छ्त्त 08, 8887 को जप्त किया गया।

आरोपी हिमांशु साहू व पियुष त्रिपाठी को दिनांक 15-03-2024 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

खिलाड़ियों की प्रतिभा का मूल्यांकन

राजनांदगांव ,16 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

खेलो इंडिया राईजिंग टैलेंट आईडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं भारतीय खेल प्राधिकरण मध्य क्षेत्र भोपाल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिले में 12 से 17 मार्च 2024 तक हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो-खो खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिले में कीर्ति कार्यक्रम के प्रथम चरण में पांच खेल हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो खो के रॉ टेलेंटेड एवं प्रुवन टेलेंटेड बालक-बालिका खिलाडियों का प्रतिभा मूल्यांकन किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 9-18 वर्ष की आयु के खिलाडियों को माय भारत पोर्टल एप रॉ टेलेंटेड एवं प्रुवन टेलेंटेड खिलाडियों को पंजीकृत करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें फिजिकल टेस्ट एवं खेल विशेष

टेस्ट कराएं जा रहे है। प्रतिभा मूल्यांकन के लिए खेल विशेष प्रशिक्षक, विभिन्न खेलों के पीटीआई एवं खेलों से संबंधित स्वयंसेवकों दायित्व सौंपा गया है। फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी और खो-खो खेल के फिटनेस टेस्ट दिग्विजय स्टेडियम एवं हॉकी विशेष टेस्ट अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किए जा रहे है। जिसके लिए सभी खिलाडियों को सुबह 7 बजे से उपस्थित होने कहा गया है। कीर्ति कार्यक्रम के तहत एथलेटिक्स का चयन ट्रायल 12 एवं 13 मार्च को, कबड्डी का चयन ट्रायल 13 एवं 14 मार्च को, हॉकी का चयन ट्रायल 14 मार्च को किया गया तथा खो-खो का चयन ट्रायल 15 एवं 16 मार्च को तथा फुटबॉल का चयन ट्रायल 16 एवं 17 मार्च को किया जाएगा। जिले के लगभग 2500 बालक-बालिकाओं खिलाडियों ने माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। प्राचार्यों को प्रतिभा मूल्यांकन स्

संपादकीय

मजबूत पार्टी के साथ मजबूत नेता भी जरूरी

राजनीति में मजबूत पार्टी के साथ मजबूत नेता भी जरूरी होता है। क्योंकि मजबूत से मजबूत पार्टी भी नेता मजबूत न हो तो चुनाव के बाद चुनाव हारने से पार्टी कमजोर होती जाती है। कमजोर पार्टी का साथ कोई नहीं देता है, कमजोर पार्टी के साथ कोई खड़ा होना पसंद नहीं करता, कमजोर पार्टी में कोई रहना नहीं चाहता। नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं तो इसका मतलब है कि पार्टी चुनाव जीत नहीं रही है, पार्टी कमजोर हो रही है। पार्टी के बड़े नेता मनमानी कर रहे हैं तो इसक मतलब साफ है कि पार्टी नेतृत्व कमजोर हो गया है। कांग्रेस में यही हो रहा है। आलाकमान बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कह रहा है तो वह एक सीट जीतने के लिए चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। उन्हें अपने बेटों को भविष्य की पड़ी है। अशोक गहलोत को लोकसभा का चुनाव लड़कर एक सीट खुद जीतने के साथ ही आसपास की और दो चार सीट जिताना चाहिए जिससे संकट के दौर में पार्टी सुरक्षित निकल सके। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने खुद लोकसभा चुनाव लड़ने की जगह अपने बेटे को लोकसभा चुनाव का टिकट दिला दिया है। इसी तरह कमलनाथ ने भी लोकसभा चुनाव लड़ने की जगह अपने बेटे को लोकसभा से कांग्रेस का टिकट दिला दिया है। कांग्रेस की दो सूची जारी हो चुकी है, उसमें राज्य के क्षत्रपों के नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ से पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी कोशिश की थी कि किसी तरह लोकसभा चुनाव लड़ने से बचा जा सके लेकिन आलाकमान ने उनकी बात नहीं सुनी तो वह राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार हुए हैं। मप्र,राजस्थान, छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं जहां कांग्रेस का संगठन भी है, बड़े नेता भी है, यहां कांग्रेस के दिग्गज चुनाव लड़ते तो ज्यादा सीटें जीत सकते थे, लेकिन यहीं ज्यादा सीटें जीतने की कोई तैयारी नहीं है। पार्टी में परिवारवाद होता है तो यही होता है, गांधी परिवार को सबसे ज्यादा चिंता राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के रूप में स्थापित करने की होती है तो अशोक गहलोत व कमलनाथ को भी अनपे बेटों की चिंता पार्टी से ज्यादा होती है। कांग्रेस के बड़ नेता ही नहीं विपक्ष के भी बड़े नेताओं के लिए पहले परिवार है, उसके बाद पार्टी है। परिवारवाद में परिवार पहले होता है और पार्टी बाद में होती है। इससे परिववार तो हर तरह से मजबूत रहता है लेकिन पार्टी कमजोर रहती है। सत्ता से बाहर रहने पर और कमजोर होती जाती है। कांग्रेस इसीलिए कमजोर है, सपा इसीलिए कमजोर है, बसपा इसीलिए कमजोर है, राजद इसीलिए कमजोर है, शिवसेना इसीलिए टूट गई है, एनसीपी इसीलिए टूट गई है। भाजपा में परिवारवाद नहीं है, इसलिए वहां पार्टी संगठन मजबूत है, पार्टी संगठन मजबूत रहने से पार्टी मजबूत रहती है, सब पार्टी के लिए काम करते हैं उनके लिए पार्टी का काम सबसे ज्यादा मायने रखता है, हर नेता जो कुछ करता है, वह पार्टी के लिए करता है। पार्टी मजबूत रहे तो एक दिन कोई मजबूत नेता आकर पार्टी को सत्ता दिला भी देता है। अगर पार्टी मजबूत न हो तो मजबूत नेता भी पार्टी के सत्ता नहीं दिला सकता, बहुमत वाली सरकार नहीं बना सकता। भाजपा में अटल बिहारी बाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी मजबूत नेता नहीं थे, पार्टी तो तब भी मजबूत थी इसलिए वह दोनो कभी भाजपा को बहुमत नहीं दिला सके। मजबूत भाजपा को मजबूत नरेंद्र मोदी जैसा नेता मिला तो आज केंद्र में दस साल से भाजपा की सरकार है, कई राज्यों में भाजपा की सरकार है तथा कई राज्यों में अभी और सरकार बननी हैं। मजबूत नेता व मजबूत पार्टी के कारण भाजपा निरंतर अपने विस्तार में जुटी हुई है। भाजपा ने जो पार्टी चाहती है वह बड़े से बड़े नेता को करना पड़ता है। भाजपा ने चाहा कि उसके तीन राज्यों के पूर्व सीएम को लोकसभा का चुनाव लड़कर भाजपा के लिए एक सीट जीतनी है तो चाहे वह मप्र के शिवराज सिंह चौहान हो,त्रिपुरा के पूर्व सीएम हो या हरियाणा के पूर्व सीएम खट्टर हो,कोई मना नहीं कर सका। सब लोकसभा चुनाव लड़कर भाजपा के 370 सीट जीतने के लक्ष्य के लिए जुट गए हैं। भाजपा में पार्टी से बड़ा कोई नहीं होता है। जैसा पार्टी चाहती है, वैसा ही बड़े से बड़े नेता को करना पड़ता है। पार्टी चाहती है तो एक कार्यकर्ता सीएम व पीएम बन जाता है, और पार्टी चाहती है तो सीएम को भी एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी जो काम चाहती है कना ही पड़ता है। मोदी तो पीएम होने के बाद भी पार्टी के कार्यकर्ता की तरह घंटो काम करते हैं और सबको प्रेरित करते हैं कि पद नहीं पार्टी के लिए काम करना ज्यादा अहम है।

राजनीति

मनोज कुमार अग्रवाल

सपनों को हकीकत में बदल दिया मोदी सरकार ने

पिछले एक दशक में देश के विकास को जिस तरह की गति मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में दी है वह निश्चित रूप से अभूतपूर्व और इस देश की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए घनीभूत प्रयास और प्रयोग का प्रमाण है। यह दस साल वास्तव में कई मायनों में बेनजीर हैं विकास की गति को जिस तरह प्रवाह दिया गया वह पूर्ववर्ती सरकारों की कार्यशैली में शुमार नहीं था यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और उनकी टीम के समन्वय का नतीजा है कि कई कई दशक से लंबित सपनों को हकीकत में बदल दिया गया। ऐसा नहीं कि तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों को जमीन पर मूर्तरूप देने में व्यवधान नहीं आए वरन विपक्ष ने भी तमाम मुद्दों पर सिर्फएक तरफा विरोध का रुख अपना कर मोदी सरकार के तमाम कार्यक्रमों योजनाओं में अडंगा बाजी की लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कभी संसाधनों की कमी का रोना नहीं रोया वरन अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता से संसाधनो को विकसित कर विकास को गति दी। लगातार राजमार्ग निर्माण हवाई अड्डों मेडिकल कॉलेज एम्स की स्थापना गरीबों के लिए मुफ्त राशन उनके स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान योजना निर्बल वर्ग को पक्के मकान उज्ज्वला गैस कनेक्शन आदि लोककल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन ने मोदी सरकार को आम जनमानस के मध्य गंभीरता से स्वीकारने और इकलौता विकल्प बतौर स्थापित करने का काम किया। इस पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति और दूसरी टर्म का कार्यकाल पूरा होने के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम सीएए लागू करने के अहम फैसले देश के भविष्य की नई इबारत लिखने का आधार बन रहे हैं।

पिछले दिनों सत्रहवीं लोकसभा का बजट सत्र संपन्न हो गया और इसके साथ ही संसद की बैठकों के लिहाज से सरकार का कार्यकाल पूरा हो गया । संसद सत्र की अंतिम बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उलपब्धियां गिनाई, संसद सत्रों में हुए कार्य की प्रशंसा की और साथ ही सभी सांसदों का धन्यवाद भी किया कि उनके सहयोग से इतना काम हो पाया।

बेशक विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों पर सवाल खड़े करे लेकिन यह सिर्फअपनी सरकार का गुणगान नहीं है वरन उनमें वास्तविकता तो है और इसे कोई नकार नहीं कर सकता है । प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 5 वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना वास्तव में अद्भुत होता है। प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने,

महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नयी न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उललेख किया। उन्होंने कहा, 'हम संतोष से कह सकते हैं कि हमारी अनेक पीढ़ियां जिन बातों का इंतजार करती थीं, ऐसे बहुत से काम इस 17वीं लोकसभा के माध्यम से पूरे हुए। पीढ़ियों का इंतजार खत्म हुआ।' यह बात एकदम सत्य है कि गत पांच वर्षों में कई ऐसे काम हुए, जिनका पीढ़ियों से इंतजार था। विशेषकर अयोध्या में भव्य एवं दिव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का सपना पूरा होना और कश्मीर में नासूर बन चुके अनुच्छेद 370 को एक झटके में निरस्त कर देना, इनका इंतजार बहुत लंबे समय से था वहीं सीएए को लागू करने का साहस भी दिखाया ।

आप जानते हैं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए तो हिन्दुओं ने 500 वर्ष की लंबी लड़ाई लड़ी और रामलला के मंदिर की भव्य प्रतिष्ठा के साथ ही बहुसंख्यक वर्ग की आस्था और स्वाभिमान को पूरा कर दिखाया ? इसी तरह जो मुस्लिम मलिहाएं दशकों से यह लड़ाई लड़ रही थीं कि उन्हें तीन तलाक की दास्ता से मुक्ति मिल जाए, उनकी इस लड़ाई को सफल बनाया संसद ने तीन तलाकरोधी कानून बनाकर। उनका भी सपना पूरा हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी आमतौर पर अपने भाषण मे कहते हैं कि 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक गहमा-गहमी अपनी जगह है, राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह हैं। लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अलगे 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा, 'वह युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण कालखंड है। हर किसी का सपना विकसित भारत का है। ऐसा कोई नहीं है जो विकसित भारत को नहीं देखना चाहता। सभी को इसके लिए जुड़ना होगा। जो नहीं जुड़ेंगे वो भी इसका फल तो खाएंगे।'यह बात पूर्णतः सच है कि गत पांच वर्षों में देश ने विकसित होने का न केवल सपना देखना शुरू कर दिया है, बल्कि उस दिशा में मजबूती से कदम भी बढ़ा रहा है। इसका प्रमाण देश में हो रहे काम दे रहे हैं। बुनियादी ढांचा हो या विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती आपूर्ति श्रृंखला बनने की प्रक्रिया, मोबाइल निर्माण से लेकर मिसाइल निर्माण तक भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेशों से आ रहा निवेश, नित नई ऊंचाई छू रहे शेयर बाजार, भारतीय कंपनियों का बढ़ता मुनाफा, हर दिन सैकड़ों नई कंपनियों का खुलना, युवाओं का उद्यमी बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना, ड्रोन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तक हर तकनीक में भारत का परचम प्रमाणित कर रहा है कि हमारा उत्साह चरम पर है। यह उत्साह ही देश को विकसित बनाएगा, यह उत्साह ही भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाए हुए है। इसके पीछे युवाओं का जोश है तो उद्योग जगत का अपने देश की नौतियों एवं शक्ति में बढ़ा विश्वास भी है। देश में नए स्टार्टअप खलुने और उनकी सफलता की गति भी इसका एक और प्रमाण है।भारत अपना जैट इंजन विकसित करने के लिए तीस हजार करोड़ रुपए खर्च कर चुका है लेकिन सफलता नहीं मिली है मोदी सरकार ने एक ओर इस अनुसंधान को जारी रखने का निर्देश दिया है वहीं अमेरिका के साथ मिलकर देश में ही जैट विमान निर्माण का समझौता किया है। पिछले दस वर्ष में जमीनी हकीकत कितनी बदली है, यह तो सबको दिख ही रहा है, सोच में भी अद्भुत बदलाव आया है आम आदमी में सरकारों और सत्ताधारी राजनीतिक लोगों के प्रति झूठे सब्जबाग दिखाने फर्जी वादे करने और खुद की जेब भरने की नकारात्मक छवि बन रही थी इसे काफी सीमा तक प्रधानमंत्री मोदी ने बदला है अब लोगों में एक भरोसा विश्वास जागा है कि देश का प्रधानमंत्री देश और लोगों के जीवन के उत्थान के लिए काम कर रहा है और उस में एक दृढ़ ईच्छा शक्ति साफदिखाई देती है। इस बदलाव का ही परिणाम है कि आज भारत विश्व के हर मंच पर सीना तानकर आत्मविश्वास के साथ खड़ा होता है, बोलता है, जवाब देता है और पूरी दुनिया उसे सुनती है। नया भारत आतंकवाद को नियंत्रित करने की सामर्थ्य रखता है आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए दुश्मन देश की सीमा में घुस कर एयर स्ट्राइक करने की हिम्मत रखता है आज यही आत्मविश्वास भरोसा मोदी की गारंटी बन गया है विकास तरक्की निर्माण का यह आत्मविश्वास, यह रफ्तार हर भारतीय को गौरवशाली संस्कृति से भी जोड़ कर उस के भीतर छिपे राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक आत्म गौरव को जगा रहा है ताकि भारत राष्ट्र को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति सम्पन्न विकसित देश बनाने का सपना साकार हो सके।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सिखने को मिल सकता है। आज परिवार वालों के साथ समय बीतेगा। कुछ दिनों से परिवार में चल रही किसी समस्या का सोल्यूशन आज मिल सकता है जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं। आज आपका स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य की योजना बनाने में सफल होंगे और मेहनत का पूरा फायदा भी मिलेगा। सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। आज व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। जीवनसाथी आपसे खुश होगा। आज आपको किसी अच्छी कंपनी से इंटरव्यू के लिए कॉल आ सकता है। रोजगार के भी कई अवसर मिलेंगे।

मिथुन राशि-आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन अपनों की मदद से राहत महसूस करेंगे। ऑफिस में आज आपका काम काफी बढ़ सकता है। जरुरत से ज्यादा काम होने से थकान महसूस हो सकती है। किसी से अनबन भी हो सकती है। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगे7 आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाना पड़ सकता है।

कर्क राशि-आज आप सोच-विचार में डूबे रहेंगे। इस राशि के जो लोग कम्प्यूटर के क्षेत्र से जुड़े है, आज उन्हें कार्यक्षेत्र को बढ़ाने में रूकावट महसूस हो सकती है। बेहतर होगा कि अपनी सफलता की राह में दूसरों को बीच में न आने दें। आर्थिक मामलों को लेकर किसी व्यक्ति से आज रोचक बात हो सकती हैं। आज आपके स्वास्थ्य में थोडा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज कोई बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ हो सकता है। आपके लिए कोई व्यक्ति मददगार हो सकता है। इस राशि के साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आप जिससे मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी। इस राशि के विवाहित आज जीवनसाथी को ट्रिप या डिनर पर ले जाने के लिए सरप्राइज दे सकते हैं।

कन्या राशि-आज किस्मत आपका साथ देगी। कोई रूका हुआ काम आज आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में आज सीनियर से बातचीत करने से सहयोग प्राप्त होगा, साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आगें बढने को कई नये अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक माहौल भी आज खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको कई खुशखबरी भी सुनने को मिल सकती है।

तुला राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज उन परिस्थितियों में पड़ने से बचें, जिनमें आप असुविधा महसूस करते हैं। आज अपनी सोच को सकारात्मक बनाये रखें और फीजूल की बातों में पड़ने से बचें। अगर आप किसी नये काम की शुरुआत कर रहे हैं, तो आज पूरा दिन व्यस्त रह सकते हैं। आज कोई कदम उठाने में जल्दबाजी न करें। आज के दिन किसी से नोक झोक के असार भी नजर आ रहे है। इसलिए अच्छा रहेगा की आज आप सोच समझ कर बोले।

वृश्चिक राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं या दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के छात्र अगर आज किसी इंटरव्यू के लिये जा रहे हैं, तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। आपको सभी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आचानक धन लाभ भी हो सकता हैं। आज अपने करियर को लेकर थोडा चिंतित हो सकते है। आज परिवार के सहयोग से आपके सारे काम बन जायेंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। जिस अवसर के लिए पिछले कई दिनों से आपको तलाश थी, वो आज किसी करीबी की मदद से मिल सकता है। बॉस आज आपके काम से खुश हो सकते है। आज अपने खास काम निपटाने के लिहाज से दिन बहुत अच्छा है। इस राशि के लवमेट आज कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आगर आज आप कुछ ख़ास काम करना चाहते है, तो जरूर करें वह जरूर सफल होगा। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभाएंगे। आज अचानक धन लाभ हो सकता है। आज हर काम को ध्यान से करेंगे, तो अच्छा रहेगा। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है7 इन्हे आज समाज में अपना नाम बनाने के कई अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते है। आज मनोरंजन का मौका मिल सकता है।

मीन राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका खर्च बढ़ सकता है। आज कामकाज के मामले में थोड़े सुस्त रहेंगे। आज पुराने लेन देन को अनदेखा न करें। आज घर में किसी मेहमान के आने की संभावना है, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा। आज आप पैसो को लेकर थोडें चिंतीत भी रह सकते है। वकीलों के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा, किसी पूराने केस पर जीत हासिल हो सकती है।

कृषि जगत

विष्णु सरकार के फैसलों से किसानों के खिले चेहरे

नसीम अहमद खान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गठित छत्तीसगढ़ द्वारा मात्र तीन माह की अल्पावधि में राज्य के किसानों के हित में लिए गए फैसले से राज्य भर के किसान बेहद खुश है। उनके चेहरे खिल गए हैं और मन में एक नई उम्मीद जागी है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी तथा दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान होने से किसान खुश हैं।

किसानों संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यह सोचा नहीं था कि धान खरीदी और बकाया बोनस को लेकर विष्णु देव सरकार इतनी तेजी से फैसला लेकर उसे लागू भी कर देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल किसानों के हित से जुड़े मामलों को जिस तेजी से छत्तीसगढ़ सरकार ने अमल में लाया है, यह स्वागत योग्य है।

छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। इस भरोसे को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य सरकार ने राज्य के 18 लाख से अधिक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

किसानों का मानना है कि राज्य सरकार के अब तक के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सरकार किसानों की हितैषी है। राज्य के किसान भाईयों को 2183 रूपए प्रति क्विंटल के मान से समर्थन मूल्य का भुगतान 48 घण्टे के भीतर उनके बैंक खातों में किया गया है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 24.72 लाख किसानों को धान के मूल्य के अंतर की राशि 13320 करोड़ रूपए का भुगतान का प्रदेशव्यापी शुभारंभ भी हो चुका है।

भारत कृषि प्रधान देश है। देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और यह राज्य धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते है कि एक दौर ऐसा था जब किसानों के पास उन्नत और बेहतर खेती के लिए पूंजी नहीं होती थी। किसानों को साहूकारों से ऊंची ब्याज दर पर रकम लेकर खेती-किसानी करनी पड़ती थी। किसान हमेशा कर्ज में फंसे रहते थे। इस स्थिति को देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम उठाया और किसान क्रेडिट कार्ड की योजना लागू की। इससे किसानों को कम दर पर सोसायटियों एवं बैंकों से कर्ज मिलने लगा।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, उस समय सहकारी बैंकों से किसानों को रियायती ब्याज दर पर खेती के लिए कर्ज मिलता था, जिसे धीरे-धीरे घटाकर शून्य प्रतिशत कर दिया गया। किसानों को बिना ब्याज के खेती-किसानी के लिए ऋण देने का काम छत्तीसगढ़ की रमन सरकार के दौर में शुरू हुआ था। आज भी किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती के लिए लोन मिल रहा है। फसल बीमा जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को सहजता से मिल रहा है। इसका श्रेय भी तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है। उनके कार्यकाल में ही फसल बीमा योजना का सरलीकरण किया गया।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में, जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। राज्य में सिंचाई रकबे में विस्तार के लिए नवीन सिंचाई योजना के लिए 300 करोड़ रूपए, लघु सिंचाई की चालू परियोजनाओं के लिए 692 करोड़ रूपए, नाबार्ड पोषित सिंचाई परियोजनाओं के लिए 433 करोड़ रूपए एवं एनीकट तथा स्टाप डेम निर्माण के लिए 262 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। किसानों को सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 8500 करोड़ रूपए की साख सीमा छत्तीसगढ़ सरकार ने तय की है।

मुख्यमंत्री 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का उल्लेख करते हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए प्रयासरत् है। उन्होंने दूरस्थ वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाईयों विशेषकर पिछड़ी जनजाति के लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। छत्तीसगढ़ में निवासरत् विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहटों में पक्का मकान, रोड, नाली, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के साथ ही सरकार की 11 योजनाओं का लाभ दिलाने का काम तेजी से किया जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ में 9 सरकारी विभागों के समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है।

विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी

चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा जारी किया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 16 मार्च 2024 को दोपहर 3 बजे घोषित हो चुकी हैजिसके सटीक अनुमान मैंने मेरे दिनांक 9 मार्च 2024 के आर्टिकल की हेडिंग, लोकसभा चुनाव 2024, तारीखों की घोषणा 14 -15 मार्च 2024 को होने की संभावना, सात चरणों में मतदान व अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रथम चरण का मतदान होने की संभावना के साथ प्रिंट मीडिया व पोर्टेबल चैनलों में प्रकशित हुआ था जो करीब करीब सटीक साबित हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है। बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि पल-पल में स्थितियां परिस्थितियां बदल जाती है इसका अंदाजा भी नहीं लग पाता, जो अब सटीक सिद्ध हो रहा है क्योंकि हमने तो सपने में भी नहीं सोचा था कि चुनाव आयोग द्वारा खुद राजनीतिक पार्टियों के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चुनावी चंदा इतनी बड़ी भारी मात्रा में उठाया जाता है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड डाटा और इमेज से हमने देख कि सत्ताधारी पार्टी ने सबसे अधिक करीब 6000 करोड़ से अधिक दान उठाया है तो बंगाल की पार्टी नें भी भारी मात्रा में दान उठाया है आंकड़े 2019 से 2023 तक दिए हैं जो देखकर मेरा अनुमान है कि भारत ही नहीं एब्रॉड में भी लोगों को हैरानी हुई होगी। अब मेरा मानना है कि चूंकि अब चुनाव अधिकारी ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का डाटा जारी कर दिया है और अब 16 मार्च 2024 को चुनाव की तारीखों की घोषणा भी हो चुकी है, अब उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति की भी घोषणा करनी होगी तो जनता इन दोनों डाटा को चुनाव में वोट देने से पहले रेखांकित जरूर करेगी ऐसा मेरा मानना है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में वोट देते समय चुनाव आयोग द्वारा जारी 763 पेजों की लिस्ट को उल्लेखित राजनीतिक पार्टियों व कंपनियों को जनता द्वारा रेखांकित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 14 मार्च 2024 को अपनी वेबसाइट पर जारी इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा की करें तो, चुनाव आयोग ने गुरुवार (14 मार्च) को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है।चुनावी बॉन्ड का डेटा 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक का है। राजनीतिक पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी फ्यूचर गेमिंग और होटलसर्विसेज पीआर है, जिसने 1,368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे। कंपनी ने ये बॉन्ड 21 अक्टूबर 2020 से जनवरी 24 के बीच खरीदे। कंपनी के खिलाफ लॉटरी रेगुलेशन एक्ट 1998 के तहत और आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज हैं। सत्ताधारी पार्टी सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी है। उसको सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपए मिले हैं। चुनावी बॉन्ड इनकैश कराने वाली पार्टियों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, जेडीयू और राजद भी शामिल हैं।चुनाव आयोग नें वेब पर चुनावी बॉन्ड का डेटा अपलोड किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च 2024 को सुप्रीम कोर्ट में डेटा सबमिट किया था। कोर्ट के निर्देश पर ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी।दोनों लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों और इन्हें इनकैश कराने वालों के तो नाम हैं, लेकिन यह पता नहीं चलता कि किसने यह पैसा किस पार्टी को दिया?इस मामले में याचिका लगाने वाले वकील ने सवाल उठाया कि एसबीआई ने वह यूनिक कोड नहीं बताया, जिससे पता चलता कि किसने-किसे चंदा दिया। ऐसे में कोड की जानकारी के लिए वे फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड के डेटा पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा, दानदाताओं और इसे लेने वालों के आंकड़े में अंतर है। दानदाताओं में 18,871 एंट्री है, जबकि लेने वालों में 20,421 की एंट्री है। पार्टी ने यह भी पूछा है कि यह योजना 2017 में शुरू हुई थी तो इसमें अप्रैल 2019 से ही डेटा क्यों है?आयोग का कहना है कि उसे यह जानकारी एसबीआई से ऐसी ही मिली है। 2019 से 2024 के बीच 1334 कंपनियों लोगों ने कुल 16,518 करोड़ रु. के बॉन्ड खरीदे। 27 दलों ने भुनाए। इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है। पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है। जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।

साथियों बात अगर हम चुनावी बॉन्ड स्कीम के विवाद में आने की करें तो, 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा। वहीं ,विरोध करने वालों का कहना था कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है, इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं।बाद में योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई।बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीड

एक नजर

वृद्धाश्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम-नंदनमारा स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों की मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता के उद्देश्य से स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही.पैट मशीन का प्रदर्शन कर मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों में वृद्धजनों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वृद्धाश्रम के वरिष्ठ मतदाताओं का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी वरिष्ठजनों को अनिवार्य रूप मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती क्षमा शर्मा, जनपद पंचायत के सीईओ श्री अश्वनी यादव सहित वरिष्ठजन उपस्थित थे। इसके अलावा जिला कार्यालय में भी ईव्हीएम एवं व्ही.व्ही.पैट प्रदर्शित की गई है, जहां आम नागरिकों को वोट डालने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

लोकसभा निर्वाचन-2024: दर-निर्धारण समिति की हुई बैठक

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 मार्च। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् निर्वाचन के दौरान प्रयुक्त की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों एवं उपकरणों का मूल्य निर्धारित करने आज अपरान्ह अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार की अध्यक्षता में दर निर्धारण समिति की बैठक आहूत की गई थी, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने निर्वाचन के दौरान प्रयुक्त होने वाली विभिन्न सामग्री, उपकरण एवं अन्य प्रकार की वस्तुओं की दरों के निर्धारण से संबंधित जानकारी दी। साथ ही सर्वसम्मति से दरों को पारित किया गया।

मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी को दिया अनुग्रह राशि का चेक

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 मार्च। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में 14 मार्च गुरूवार को नवनिर्मित सैनिक विश्राम गृह भवन रायपुर का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा सैनिक बोर्ड रायपुर के प्रांगण में वीर नारियों का सम्मान किया गया तथा देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद नायक मोतीराम आचले की पत्नी श्रीमती पद्मावती आचले कांकेर निवासी को 20 लाख रूपए की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया। तत्पश्चात उन्होंने जिले के 05 भूतपूर्व सैनिकों को आंध्रा विश्वविद्यालय से जारी स्नातक प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया। इस विशेष कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगुवा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री अरूणदेव गौतम, कोसा कमाण्डर ब्रिगेडियर श्री अमन आनंद, व्हीएसएम, संचालक संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर ब्रिगेडियर श्री विवेक शर्मा, व्हीएसएम (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (भा.नौ.) श्री संजय शुक्ला एनएम (से.नि.) एवं अन्य गणमान्य अधिकारी सम्मिलित रहे।

अल्पदृष्टि बाधित बच्चे अब पढ़ सकेंगे पुस्तक, 215 चश्मों का वितरण

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 मार्च। समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले के दिव्यांग बच्चों के लिए ऑकलन शिविर का आयोजन विकासखण्ड कांकेर, भानुप्रतापपुर एवं कोयलीबेड़ा पंखाजूर में किया गया, जिसमें अल्पदृष्टि बाधित प्राथमिक स्तर के 177 एवं माध्यमिक स्तर के 88 इस तरह कुल 265 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार विकासखण्डवार चिन्हांकित बच्चों का विशेष कैम्प लगाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी व विशेषज्ञ डाक्टरों के द्वारा आंखों की जांच कराई गई, जिसमें से पात्र कुल 215 बच्चों के लिए चश्मा बनाकर विकासखण्ड स्तर पर बी.आर.सी. एवं बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा के माध्यम से विकासखण्ड अंतागढ़ से 33, भानुप्रतापपुर से 35, चारामा से 30, दुर्गूकोंदल से 06, कांकेर से 42, कोयलीबेड़ा से 46 और नरहरपुर विकासखण्ड से 23, इस तरह जिले के कुल 215 को चश्मे का वितरण किया गया।

तीन माह की अल्प अवधि में जनहित में लिए बड़े फैसलों के लिए जताया मुख्यमंत्री का आभार

रायपुर 16 मार्च। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में विधायक श्री रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम विधानसभा के क्षेत्रवासियों ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तीन माह की अल्प अवधि में जनहित में लिए गए बड़े फैसलों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। लोगों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कम समय में ही सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिसका लाभ पूरे प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय से कहा कि नई सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में राज्य में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति देकर विकास का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी के अनुरूप राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों को धान का 2 वर्ष का बकाया बोनस 3716 करोड रुपए भी तत्काल प्रदान किया गया। साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा भी अमल में लाई गई। राज्य में इस वर्ष 145 लाख टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान भी किया गया है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 24 लाख 72 हजार किसानों के खाते में 13,320 करोड रुपए की राशि अंतरित की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ सरकार के तीन माह के कार्यों पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य की माता बहनों के लिए सरकार ने महतारी वंदन योजना लागू कर दी है। जिसके तहत 70 लाख से अधिक माताओं के खाते में ?1000 के मान से 655 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। पीएससी की पिछली परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया गया है।अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन करने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना शुरू हुई है। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के लिए नियद नेल्लानार यानी आपका अच्छा गांव योजना प्रारंभ हुई है। इस तरह छत्तीसगढ़ सुशासन और विकास के पथ पर बहुत तेजी से अग्रसर है। इस अवसर पर सर्वश्री प्यारेलाल सोनकर, राजेश साहू मनीष हरित, राजू साहू, मोती निषाद, रामाधार साहू, केजउ निषाद, अंकुर पहाड़िया, ईश्वर साहू तथा भागीरथी सिन्हा आदि उपस्थित थे।

खिलाड़ियों के साथ अन्याय करने वाले अब खेल अलंकरण समारोह पर राजनीति न करें: भाजपा

रायपुर 16 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित खेल अलंकरण समारोह को लेकर कांग्रेस की ओर से की जा रही राजनीति के मद्देनजर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कांग्रेस को तो भ्रष्टाचार के खेल पसंद है खिलाड़ियों का सम्मान उन्हें नहीं भाता। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस सरकार का पिछले 5 वर्ष का शासनकाल केवल घपले और घोटाले के नाम से पहचाना जाता है और कांग्रेस सरकार ओलंपिक खेल व अन्य खेल समारोह के नाम पर भी केवल घोटाले को बढ़ावा देती रही।भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कांग्रेसियों को खेल अलंकरण समारोह पर राजनीति न करने की नसीहत देते हुए कहा कि हर वर्ष राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय व राज्य स्तर पर प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित करने की परंपरा भाजपा वर्षों से निभाती आ रही है। सन 2018 के पहले प्रतिवर्ष राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन कर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता रहा है। इस आयोजन का महत्व इस बात को लेकर भी है कि खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित खिलाड़ियों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में आरक्षण का लाभ मिलता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि खिलाड़ियों को नौकरी में आरक्षण देने के पीछे सरकार की मंशा यही रहती है कि खिलाड़ी निश्चिंत होकर न केवल अपनी प्रतिभा को निखारने में होने वाले खर्च को आसानी से वहन कर सकें, बल्कि अपना पूरा समय खेल को देकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। लेकिन, कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक उक्त समारोह आयोजित नहीं करके ऐसे खिलाड़ियों के साथ अन्याय किया है।

अंतिम व्यक्ति को मिले योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ: देवांगन

रायपुर, 16 मार्च। वाणिज्य एवं उद्योग और श्रम मंत्री एवं मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन हो और उसका लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करते हुए जनहित के कार्य करने प्रेरित किया।

जिले के हाट-बाजारों और प्रमुख बसाहटों में एलईडी वैन एवं कला जत्था दल कर रहे योजनाओं का प्रचार-प्रसार

जगदलपुर, 16 मार्च। राज्य शासन के जनसम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन तथा कला जत्था दलों के माध्यम से शासन की जनहितकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार हाट-बाजारों और प्रमुख बसाहटों में किया जा रहा है। इस दिशा में एलईडी वैन के माध्यम से योजनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है,साथ ही कला जत्था दल द्वारा गीत,नाटक-प्रहसन के जरिए योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसे ग्रामीणजन उत्सुकता के साथ देखकर लाभान्वित हो रहे हैं। जनसम्पर्क विभाग द्वारा एलईडी वैन एवं कला जत्था दल के माध्यम से विगत दिवस धरमपुरा कॉलेज परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में योजनाओं से सम्बंधित लघु फिल्म प्रदर्शन किया गया। वहीं कला जत्था दल द्वारा योजनाओं पर केंद्रित प्रेरक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही जगदलपुर विकासखण्ड के पुसपाल,बस्तर ब्लॉक के भैंसगांव एवं सुलेंगा,तोकापाल ब्लॉक के कुरेंगा एवं कलेपाल,दरभा विकासखंड के छिंदबहार,चिंगपाल साप्ताहिक बाजार सहित बकावंड विकासखण्ड के राजनगर एवं जुनवानी में एलईडी वैन एवं कला जत्था दल के माध्यम से महतारी वंदन योजना,कृषक उन्नति योजना,

प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इत्यादि का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जनमन पत्रिका सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार साहित्य वितरित किया गया।

सचिव समाजकल्याण विभाग एस. प्रकाश ने घरौंदा संस्था चिड़ईपदर का किया आकस्मिक निरीक्षण

जगदलपुर, 16 मार्च। सचिव समाज कल्याण विभाग श्री एस. प्रकाश ने गुरुवार को जिले के अंतर्गत समाजकल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त संस्था बस्तर विकलांग सेवा समिति के द्वारा संचालित घरौंदा चिड़ईपदर कोलचूर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संस्था में निवासरत बहु दिव्यांगजनों से रूबरू होकर संस्था की गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी ली तथा यहां रहने वाले दिव्यांगों को समय-समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने तथा उन्हें कौशल विकास के तहत सक्षम बनाने हेतु उनकी रूचि अनुसार प्रशिक्षण प्रदान कर मानव सेवा के पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान देने कहा। वहीं समाजकल्याण विभाग द्वारा स्वेच्छिक संस्था हेतु बनाए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत परिपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान संचालक समाजकल्याण श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर संचालक समाजकल्याण श्री पंकज वर्मा तथा समाजकल्याण विभाग के स्थानीय अधिकारीगण मौजूद थे।

श्रम मंत्री को श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष का प्रभार

रायपुर, 16 मार्च। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश के श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन को आगामी आदेश पर्यन्त श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। इस आशय का आदेश प्रदेश के श्रम विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर आज जारी कर दिया गया है।

बृजमोहन अग्रवाल ने किया अतिरिक्त भवन का लोकार्पण

रायपुर 16 मार्च। पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 में वार्ड कार्यालय भवन का और लाखेनगर खदानेश्वर मन्दिर परिसर में नवनिर्मित रंगमंच के साथ अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण मन्त्री बृजमोहन अग्रवाल , पार्षद मृत्युंजय दुबे ने करते हुए उक्त भवन जनता के उपयोग के लिए समर्पित किया । विधायक निधि राशि से लगभग 10 लाख की लागत से खदानेंश्वर मन्दिर रंगमंच और 8 लाख की लागत से वार्ड कार्यालय भवन के लोकार्पण अवसर पर नागरिकों को सम्बोधित करते हुए मन्त्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने खदानेश्वर मन्दिर परिसर में आगे भी सौंदर्यीकरण की योजना को स्वीकृति देने की घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले समय मे मन्दिर परिसर में

सौंदर्यीकरण के साथ साथ उसको मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए जो भी धन राशि की आवश्यकता होगी उसकी स्वीकृति दी जाएगी । अशवनी नगर स्थित वार्ड कार्यालय बनने के बाद अब आम जनता को राशन कार्ड , मजदूर कार्ड , आधार कार्ड , आयुष्मान कार्ड और सम्पत्ति कर जमा करने हेतु जोन कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा , अब वार्ड कार्यालय में ही उक्त सुविधाओं के लिए शिविर लगा कर नगर निगम के कर्मचारी , अधिकारी पार्षद के साथ बैठेंगे । लोकार्पण समारोह में वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे , रामकिंकर सिंह , भूषण साहू , मनीषा चन्द्राकर , यादराम साहू , पायल अम्बवानी , अनिता देवांगन , सन्तोष ठाकुर , नरेन्द्र देवांगन , सुरेन्द्र ठाकुर , सचिन सिंघल , अनुराधा टाटे , माया शर्मा , जितेन्द्र शर्मा , राहुल बिजौरा , इन्दु कला रावटे , उमा कहार , राजू बावनकर , दीपक कामटकर आदि गणमान्य नागरिक शामिल थे ।

पत्रकार संघ के सदस्यों ने की नवनियुक्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मुलाकात

किरंदुल 16 मार्च। नगर पालिका के नवनियुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रहलाद राम कोर्रम ने सोमवार को अपना पदभार संभाला इसके बाद संविधान की कलम से पत्रकार संघ के सभी सदस्यों ने नगर पालिका किरंदुल जाकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी से सौजन्य मुलाकात की एवं किरंदुल नगर के विकास के लिए चर्चा की जिसमें मुख्य बिंदु रहा मुख्य बाजार को व्यवस्थित करना चौपाटी को व्यवस्था करना और गौरव पथ में खड़े हो रहे बेसो को खड़े होने के लिए जगह व्यवस्थित करना भेट मुलाक़ात मे मुख्य रूप से किशोर कुमार रामटेके, अब्दुल हामिद सिद्दीकी , जितेंद्र गुप्ता, शेख आज़ाद, दिलीप सिंग, सुखदेव पोयाम, संतोष शर्मा, सुनील गुप्ता, हमेंत साहू, चंचल देवांगन,उपस्थित थे।

घोर नक्सली क्षेत्र गुमियापाल मे जिला एवं पुलिस प्रशासन ने लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर

किरंदुल 16 मार्च। आज दिनांक 14 3 2024 को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के तत्वाधान ग्राम गुमिया पाल थाना किरंदुल क्षेत्र अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण चेकअप इलाज वास्ते स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल टीम का कैंप लगाया गया था तथा ग्रामीणों की सुविधा हेतु ग्राम गुमियापाल में ही आयुष्मान कार्ड व आधार कार्ड बनाने हेतु कैम्प लगाया गया था। एवं पुलिस विभाग द्वारा सिविक एक्शन लगाकर ग्रामीणों की दैनिक उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया जिसमें ग्रामीणों के लिए गंजी बर्तन साड़ी लूंगी लोअर शर्ट महिलाओं एवं पुरुषों के लिए चरण पादुका छतरी खेल सामग्री फुटबॉल वॉलीबॉल क्रिकेट किट ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों को वितरित किया गया। इस मौक़े पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन ने हॉस्टल मे रह रहे बच्चों से जा कर मुलाक़ात की और बच्चों से उनकी शिक्षा के बारे मे जानकारी ली और पुरुस्कृत भी किया और साथ साथ बच्चों से आगे भविष्य मे आगे किस छेत्र मे आगे जाना चाहते है की जानकारी भी ली आज की इस कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन,, उप पुलिस अधीक्षक गोविंद दीवान, तहसीलदार बड़े बचेली जीवेश शोरी, थाना प्रभारी किरंदुल प्रहलाद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक सुनील नोटियाल, भीमाराम मिडियामी सरपंच ग्राम पंचायत गुमियापाल एवं अन्य थाना किरंदुल व रक्षित केंद्र के स्टॉप उपस्थित रहे।

बृजमोहन का संसद बन कर राष्ट्रीय राजनीति में आना छत्तीसगढ़ के हित में: आलोक सिन्हा

नगरी 16 मार्च। वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक सिंन्हा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि रायपुर लोकसभा से बृजमोहन अग्रवाल को सांसद प्रत्याशी बनाए जाने से जीत सुनिश्चित है, रायपुर की जनता केन्द्रीय नेता बनाने के लिए बृजमोहन अग्रवाल को सांसद भेजेंगे.. भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा छत्तीसगढ़ की.महत्वपूर्ण समस्याओं को देश की राजनीतिक पटल पर लाने हेतु यह पहल किया है, छग के वरिष्ठ नेता एवं आठ बार के लोकप्रिय विधायक और मंत्री का दायित्व सफलता पूर्वक निभा चुके ब्रजमोहन अग्रवाल जी राजधानी से सांसद बनकर छत्तीसगढ़ के समस्याओं को लेकर दिल्ली तक आवाज़ बुलंद करेंगे, इसलिए भाजपा नेतृत्व ने योग्य समक्षकर केन्द्रीय राजनीति मे ले जाने का निर्णय स्वागत योग्य है भविष्य मे केन्द्र सरकार. मे जवाबदेह मंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ को दमदार नेतृत्व मिलेगा आज तक छत्तीसगढ़ से कोई भी सांसद मंत्री दमदारी से छत्तीसगढ़ियों का आवाज नहीं बन पाया, इसका खामियाजा को पूरी करने बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा भेजकर पूरी की जाएगी।

साक्षरता अभियान के तहत आंकलन महापरीक्षा 17 मार्च को

उत्तर बस्तर कांकेर, 16 मार्च। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रौढ़ शिक्षार्थियों के लिये आंकलन हेतु महापरीक्षा 17 मार्च 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि इस महापरीक्षा अभियान में अधिक से अधिक परिक्षार्थियों को शामिल होने के लिए प्रेरित करें और इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। उल्लेखनीय है कि साक्षर भारत कार्यक्रम के तहत कुल 97 हजार 707 साक्षर हुए, जिसमें 62 हजार 720 महिला तथा 34 हजार 987 पुरूष है। इसी प्रकार ''पढ़ना लिखना अभियान'' के तहत् कुल 07 हजार 847 परीक्षार्थी साक्षर हुए हैं, जिसमें 6 हजार 92 महिला एवं एक हजार 755 पुरूष है। इसलिये जिले में ''उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम'' की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये कांकेर जिले को 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राधिकरण द्वारा दिया गया है। आगामी 17 मार्च 2024 को आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु 07 हजार का लक्ष्य दिया गया है।

कुरूद में शिव महापुराण का आयोजन 16 मई से

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुरूद 16 मार्च। कुरूद नगर में ख्यातनाम कथा वाचक प्रदीप मिश्रा महाशिवपुराण की कथा करने वाले है। शिव महापुराण का आयोजन 16मई 22 मई तक होगा। जिसकी व्यवस्था को लेकर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने आयोजक समिति के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लिये और सभी कामो को योजनाबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। खासतौर पर श्री चंद्राकर शिवपुराण के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को वर्तमान समय के सबसे क्राउडकैचर बताते हुए, भीड़ को संभाल सुव्यवस्थित कार्यक्रम कराने की बात पर जोर दिया। बैठक में श्री चंद्राकर ने इस व्यापक कथा आयोजन पर कहा कि प्रकाश शर्मा ने जब मुझे बताया कि प्रदीप मिश्रा जी की शिव महापुराण कथा करवाना है। समय तारीख स्वीकृति मिल चुकी है। अजय चंद्राकर ने कहा कि बड़ा आयोजन है व्यापक तैयारिया, भीड़ को व्यवस्थित

करना पहला उद्देश्य रहे।इस महाशिवपुराण कथा आयोजन में अन्य सामाजिक लोगो, सामाजिक संगठनों और सेवा भावी संस्थाओं को जोड़ने पर जोर दिया। 16मई से 22मई तक राजिम रोड कुरूद में आयोजित होने वाले शिव महापुराण के सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के तैयारी की प्रथम बैठक आज दोपहर वार्ड 5 बजरंग चौक स्थित विधायक अजय चंद्राकर निवास हरिपुर में आयोजित की गई जिसमे बताया गया कि 3000 स्क्वेयर फीट का मंच विशेष साज सज्जा के साथ तैयार होगा जहां से पंडित प्रदीप मिश्रा कथा सुनाएंगे। इसी तरह से शिव महापुराण सुनने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए कथा स्थल में 3 लाख स्क्वेयर फीट का मजबूत पंडाल (डोम) नागपुर के फर्म द्वारा लगाया जाएगा जो तेज हवा तूफान में भी नही हिलेगा। बैठक में कथा स्थल पर पहुचने वाले जन सैलाब की सुव्यवस्था से लेकर सुविधाओ पर विशेष रूप से विचार किया गया। जिसमे मई माह की गर्मी के कारण पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पानी पाउच से लेकर टैंकर की चौबीसों घण्टे उपलब्धता पर जोर दिया गया। रुकने वाले और दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु श्रोताओं के लिए कम से कम रोजाना 25000 लोगो के भोजन की व्यवस्था साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों और सस्थाओ द्वारा खिचड़ी, पोहा आदि स्वल्पाहार बाटने के लिए पंडाल में पृथक स्थान ताकि गंदगी ना हो। इसके साथ ही स्नान के लिए नजदीकी तालाब सहित अन्य वैकल्पिक व्यवस्था तथा शौच हेतु जगह एवं निर्माण से लेकर सफाई की रूपरेखा पर उपस्थित लोगो से उनकी सलाह भी मांगी गई। इस बैठक में कुरूद नगर के गणमान्य नागरिकगण विभिन्न समाज के प्रमुख, संघ संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित राइस मिलर्स ,व्यापारी बंधु एवं युवा साथी सम्मिलित हुए।

दंतेवाड़ा में भाजपा महिला मोर्चा की टीम ने लाभार्थी महिलाओं से की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम 16 मार्च। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देश अनुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष की सहमति से एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को दंतेवाड़ा मंडल में लाभार्थी बहनों से मुलाकात की गई इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनो के बारे में भी जानकारी दी गई । इस मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी , खिलेंद्र ठाकुर , नगर पालिका अध्यक्ष एवं महामंत्री पायल गुप्ता , वार्ड पार्षद, महामंत्री किरण भदोरिया , जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर , मीरा तिवारी , कमला बैरागी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराणा , सरपंच प्रमिला सुराणा , संध्या शुक्ला , राखी पुजारी , लता मरकाम , नरगिस अंसारी , रूपा पाणिग्रही , दंतेश्वरी सोरी , योगेश्वरी देवांगन , पार्षद सुमन ठाकुर , वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता बंधु एव वार्ड की सभी महिलाएं , लाभार्थी बहने उपस्थित थी ।

गंगालूर आश्रम घटना की उच्चस्तरीय जांच हो: संगीता सिन्हा

साय सरकार में आदिवासी महिलायें और बच्चे असुरक्षित हैं: अंबिका मरकाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 16 मार्च। बीजापुर जिले के गंगालूर शासकीय हाई स्कूल आवासीय छात्रावास (पोटा केबिन) अंतर्गत कक्षा-12 वीं में अध्ययनरत छात्रा की गर्भवती होने व नवजात बच्चे को जन्म देने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा के नेतृत्व में दिनांक 13-03-2024 को आठ सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। पीसीसी द्वारा गठित समिति में बलौद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा के अलावा, श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, श्रीमती सावित्री मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर, श्रीमती सुभद्रा सलाम अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी कांकेर, श्रीमती श्यामबती नेताम अध्यक्ष जि.पं. नारायणपुर, तुलिका कर्मा अध्यक्ष- जि.पं. दंतेवाड़ा, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सदस्य जि. पं. बीजापुर एवं श्रीमती बोधि ताती अध्यक्ष जनपद पंचायत बीजापुर आदि

शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस की आठ सदस्यीय जाँच दल दिनांक 15-03-2024 को बीजापुर पहुँचकर पीड़िता से मुलाक़ात कर घटना की विस्तृत जानकारी लिए है। उसके बाद जाँच दल गंगालूर स्थित कन्या पोटाकेबिन स्कूल पहुँची और स्कूल के शिक्षकों और छात्रों से मुलाक़ात कर घटना की जानकारी लिए और पूरे स्कूल का मुआयना जाँच दल ने किया है। जाँच दल गंगालूर से वापस बीजापुर आई और प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि भाजपा की साय सरकार में आदिवासी महिलायें, आदिवासी बच्चियाँ असुरक्षित है गंगालूर स्कूल की घटना पूरे शिक्षा प्रणाली को शर्मसार करने वाली घटना है जिसकी उच्च स्तरीय जाँच हो और जो भी दोषी है उस पर कार्यवाही हो लेकिन घटना के इतने दिनों बाद भी प्रदेश की भाजपा सरकार और ज़िला प्रशासन का इस घटना में किसी पर कार्यवाही नहीं करना निश्चित रूप से यह दर्शाता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार और ज़िला प्रशासन आदिवासी बच्चियों को न्याय देना नहीं चाहती है।

जाँच समिति की संयोजक व बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ÷पीड़ित छात्रा और स्कूल की अधीक्षक के बयान विपरीत है प्रशासन घटना में कुछ छिपा रही है इतनी बड़ी घटना की जानकारी अधीक्षिका के साथ साथ शिक्षा विभाग के किसी भी अधिकारी को पता नहीं चला इसका मतलब यह है कि प्रदेश सरकार और प्रशासन छात्रों के साथ घोर लफ़रवाही कर रही है, इस पूरे घटना की उच्च स्तरीय जाँच हो। विधायक संगीता सिन्हा ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि पोटाकेबिन में बच्चों को पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जाँच दल की सदस्य एवं सिहावा की विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने प्रदेश सरकार व प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ÷आदिवासी बालिका पर अत्याचार हो रहा है जाँच कराने के बजाय प्रशासन घटना की खानापूर्ति करते हुए मात्र अधीक्षक पर निलंबन की कार्यवाही कर बड़े अधिकारियों को बचाने में लगी है। घटना होने के बाद प्रशासन को घटना की खबर लगना प्रशासन की घोर लफ़रवाही है इस घटना की उच्च स्तरीय जाँच हो और ज़िम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्यवाही हो। जाँच दल की सदस्य एवं भानुप्रतापुर की विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि ज़िला मुख्यालय से महज़ कुछ दूर में ये स्थिति है तो अन्य क्षेत्रों में आदिवासी महिलाओं और बच्चों की क्या स्थिति होगी इस घटना से अंदाज़ा लगाया जा सकता है। गंगालूर की घटना की निष्पक्ष जाँच हो और कार्यवाही हो। ज़िला कांग्रेस कमेटी कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम और ज़िला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा तूलिका कर्मा ने भी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जाँच की माँग की है। प्रेस वार्ता के दौरान बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, संत कुमारी मंडावी, पार्वती कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकी कोरम, जनपद अध्यक्ष भोपालपटनम निर्मला मरपल्ली, ज़िला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गीता कमल, पार्षद ललिता झाड़ी, कविता यादव, सोनमती और पार्षद सुनीता एट्टी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर

कार्यालयीन समय में अनुपस्थित कर्मचारियों को मिला कारण बताओ नोटिस

बीजापुर 16 मार्च। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार आज बीजापुर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल एवं डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी द्वारा किया गया जिसमें जिला कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, विकास खंड शिक्षा अधिकारी तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए कुल 41 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त कलेक्टरों को सभी कार्यालयों में समयावधि का पालन कराने के निर्देश दिए हैं। सप्ताह में 5 कार्यालय दिवस है तथा सप्ताह में दो दिनों के अवकाश के बावजूद भी कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने से जनहित के कार्यों में अनावश्यक विलंब होता है जो स्वीकार्य नहीं की जाएगी। समय का पालन नहीं करने वाले कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन

बीजापुर 16 मार्च। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने के उददेश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान एक मुख्य उददेश्य है। स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप मे ''पोषण पखवाड़ा'' का आयोजन इस वर्ष भी 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 तक का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह आयोजन अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों एवं स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,स्वास्थ्य विभाग,आयुष विभाग, आदिम जाति विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, महा विद्यालय, एवं यूनिसेफ व वर्ड विजन से समन्वय कर विभिन्न प्रकार की गतिवधियों का आयोजन जैसे की वजन त्यौहार में छूटे हुए बच्चों का वजन, ग्राम पंचायतों पर व्यापक प्रचार प्रसार, नारा, स्लोगन, गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित बच्चों का चिंहाकन, गृहभेंट ऑगनबाड़ी एवं स्कूलों में पोषण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है।

जनता के धैर्य की परीक्षा ले रही खस्ताहाल सड़कें,बढ़ रहा आक्रोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़ 16 मार्च। प्रदेश में एक चुनाव ख़त्म हो चुका और दूसरे इलेक्शन की तैयारी है।इस बीच तीन माह पहले हुए चुनाव में सड़क को राजनैतिक मुद्दा बनाकर मौका मिलते ही तत्काल खस्ताहाल सड़कों के उद्धार की कवायद शुरु करने का दम भरने वाले नेता भी जनता की बेचारगी और भावनाओं को भुनाकर सत्ताधीश हो गये लेकिन मतलबपरस्त राजनीति का शिकार आम नागरिक अभी भी आवागमन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या से जूझ रहा है। परिस्थितियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानों जर्जर सड़कें रायगढ़ के नागरिकों के धैर्य की परीक्षा ले रहीं हैं !लेकिन जन समस्याओं और जनता के उम्मीद की अनदेखी कर विकास का खाका खींचने धड़ाधड़ हो रही औद्योगिक विस्तार की कार्रवाई देख आम जनता का मौन आक्रोश अब ज्वालामुखी बन फटे पड़ने की कगार पर आ पंहुचा है।

गौरतलब है कि कोयला समेत अन्य खनिज बाहुल्य रायगढ़ जिले में डेढ़ सौ से भी अधिक की संख्या मे छोटे बड़े उद्योग संचालित हैं? और औद्योगिक इकाईयों का तेजी से विकास एवं विस्तार भी हो रहा है? ! किंतु जिस गति से रायगढ़ की सडकों पर भारी वाहन बढ़े हैं उस तेजी से सडकों का निर्माण वन विस्तार नहीं हो सका है। रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग इसका जीवंत उदाहरण है।इस मार्ग पर सड़क की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है?। हर दिन इस मार्ग पर तीन से चार घंटे तक जाम लगा रहता है। जितना जाम लगता है उतना ही पलूषण फैलता है।अंबिकापुर,झारखण्ड और बिहार की सारी गाडियां इसी रोड से गुजरती हैं।जिंदल कंपनी का कोयला भी इसी रोड से आता है।धूल और प्रदूषण भरे जर्जर मार्ग पर दुर्घटना के भय के साथ सत्ता और शासन को कोसते हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं।यह मार्ग कई बार सियासी नूराकुश्ती का अखाड़ा भी बन चुका है लेकिन मार्ग की तकदीर बदलने के लक्षण कहीं भी नजर नहीं आते। ये और बात है कि इस सड़क मार्ग के हालत की दुहाई देकर इस बार एक साहब ने बाजी मार ली।सरकार मे मंत्री और नगर विधायक ओपी चौधरी ने चुनाव में सड़कों को अपनी प्राथमिकता बताया था और चुनाव के बाद अब तक सडकों की हालत में कोई परिवर्तन नहीं होना और रोजाना तीन से चार घंटे का जाम झेलना जनता की नाउम्मीदी और बेचैनी बढ़ा रहा है।

एकतरफ जिले में अंधाधुंध औद्योगिक विस्तार और बढ़ता राजकोष किंतु दूसरी तरफ उम्दा सड़क और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के अपने अधिकार से वंचित रायगढ़ वासियों का सवाल है कि जब सीएसआर और डीएमएफ मद से मिनिमम 760 करोड़ से भी अधिक मिल रहे हैं तो फिर उस राशि का उपयोग प्राथमिकता के क्रम में उद्योग प्रभावित क्षेत्र के विकास में क्यों नहीं हो रहा। रायगढ़ से होने वाली आय से पूरे प्रदेश में विकास के काम और योजनाएं तय हो रही हैं लेकिन यहां के नागरिक अपने हक तो दूर जरुरतों से भी वंचित हो रहे।सीएसआर से ही रायगढ़ को चमन बन जाना चाहिए, अच्छे शहरों मे गणना होनी चाहिए।यदि सरकार और प्रशासन इसी ढर्रे पर चलते रहे और रायगढ़ के आम नागरिक की मूलभूत जरुरतों की अनदेखी चलती रही तो वह दिन दूर नहीं जब जनता अपने मौलिक अधिकारों के लिए भी सड़क पर उतरकर उग्र तेवर दिखाते हुए सियासी चूलें हिलाने को मजबूर होगी।

जाम से निजात दिलाने ट्रैफिक पॉइंट जरूरी: रायगढ़ पूंजीपथरा मार्ग पर आए दिन लग रहे भारी वाहनों के जाम से निजात दिलाने कम से कम दो ट्रैफिक पॉइंट बनाना चाहिए ताकि जाम की स्थिति से निजात मिल सके।

समाचार संक्षेप

दूरसंचार विभाग की छापेमारी में अवैध बूस्टर जब्त

रायगढ़,16 मार्च। डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन की वायरलेस मॉनिटरिंग यूनिट ने 11 से 14 मार्च 2024 तक बिलासपुर के सुल्तानिया गली एरिया, गांधी चौक और अनाथालय कॉलोनी रायगढ़में अवैध रिपीटर्स और बूस्टर्स उपकरण लगाने वाले ठिकानों पर छापेमारी की। (डी ओ टी)की डब्ल्यूपीसी विंग की एक फील्ड यूनिट ने यह कार्रवाई की है। रिपीटर्स और बूस्टर्स जैसे अवैध दूरसंचार उपकरणों को लगाने से कॉल ड्रॉप समस्या अधिक होती हैं और नेटवर्क पर डेटा सर्फिंग स्पीड कम हो जाती है। इससे ग्राहकों का नेटवर्क एक्सपीरिएंस खराब हो जाता है। छत्तीसगढ़ की डीओटी-डब्ल्यूएमओ टीम ने भानु भाई रिछारिया (प्रभारी अधिकारी] के नेतृत्व में जूनियर वायरलेस अधिकारी श्री अवधेश दीक्षित और श्री बी एस राजपूत तिवारी की सहायता से बिलासपुर में 02 और रायगढ़ में 02 अवैध बूस्टर जब्त किए हैं। इसके अलावा अवैध उपकरण लगाने वाले लोगों को नोटिस भी दिए गए। अधिकतर लोगों को यह जानकारी नहीं है कि भारत में टेलीकॉम नेटवर्क बूस्टर स्थापित करना और बेचना अवैध गतिविधि है। बिलासपुर और रायगढ़ क्षेत्र में डब्ल्यूएमओ छत्तीसगढ़ के कार्यालय द्वारा दिए गए नोटिस इन उपकरणों को बेचने में शामिल लोगों के साथ-साथ इसे खरीदने और स्थापित करने वाले ग्राहकों के लिए चेतावनी के रूप में काम करेंगे। साथ ही लोगों को ऐसा न करने का सबक मिलेगा। ये अवैध रेडिएटिंग उपकरण मुख्य रूप से चीन और अन्य अनाधिकृत बाजारों से बिना लाइसेंस वाले विक्रेताओं से खरीदे जाते हैं। ये उपकरण घर-घर जाकर बिना सोचे-समझे खरीदारों को बेचे जाते हैं। इसके अलावा खरीदारों को खरीदारी के बाद इनवॉइस यानी बिल भी नहीं दिया जाता है, जिससे इन विक्रेताओं का पता लगाना और भी मुश्किल हो जाता है।

हर्बल गुलाल उत्पादन एवं विपणन सह प्राकृतिक खेती विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

सुकमा, 16 मार्च। गुरुवार को ग्राम मुरतोंडा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में हर्बल गुलाल उत्पादन एवं विपणन सह प्राकृतिक खेती विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे जिले के उप संचालक कृषि श्री पीआर बघेल उपस्थित थे। श्री बघेलने विस्तार से प्राकृतिक खेती के समस्त अवयवों जैसे बीजामृत, जैविक कीटनाशक आदि को बनाने का जीवंत प्रदर्शन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों श्री आरपी. कश्यप, डॉ योगेश सिदार, डॉ संजय राठौर, श्री यमलेसर भोयर ने भी विस्तार से प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। साथ ही जनजातीय उप योजना अंतर्गत हर्बल गुलाल उत्पादन एवं विपणन विषय पर भी उपरोक्त सभी विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में विकासखंड सुकमा और छिंदगढ की छह महिला समूह से करीब 45 महिलाओं के साथ साथ ट्रिफ एनजीओ से सुश्री परिधि मिश्रा और ध्रुवी मेहता ने भाग लिया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख एच. एस. तोमर ने उपरोक्त दोनों विषय की उपयोगिता और महिलाएँ आय के विभिन्न साधन अपना कर अपनी आय बढ़ा सकती हैं पर विस्तार से चर्चा की गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के मनोज कुमार बघेल, आकांक्षा भदौरिया, शुभम साहू सहित सभी कर्मचारियों का योगदान रहा।

कर्तव्य से लगातार अनुपस्थित रहने एवं कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण 5 रोजगार सहायकों को पद से किया गया पृथक

सुकमा,16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के जनपद पंचायत सुकमा के अंतर्गत कार्यरत 05 रोजगार सहायकों को कर्तव्य से अनुपस्थित रहने सहित मनरेगा कार्यों के संचालन में लापरवाही बरतने के कारण पद से पृथक कर दिया गया है। जिसके तहत रोजगार सहायक ग्राम पंचायत गुफड़ी सोड़ी नन्दलाल,रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी पुनेम देवा, रोजगार सहायक ग्राम पंचायत केरलापाल कमलेश कोहरामी, रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पुसपल्ली श्रीमती लक्ष्मी बघेल और रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कोकरपाल हिरमाराम को तत्काल पद से पृथक किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुकमा द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्री लक्ष्मण तिवारी द्वारा इन रोजगार सहायक ग्राम पंचायत गुफड़ी सोड़ी नन्दलाल,रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी पुनेम देवा,रोजगार सहायक ग्राम पंचायत पुसपल्ली श्रीमती लक्ष्मी बघेल एवं रोजगार सहायक ग्राम पंचायत केरलापाल कमलेश कोहरामी को कर्तव्य से निरंतर अनुपस्थित रहने और मनरेगा कार्यों में लापरवाही बरतने सहित उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण शो-काज-नोटिस जारी कर नियत समयावधि में स्पष्टीकरण मांगा गया था,लेकिन सम्बन्धितों द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही पूर्व निर्धारित समीक्षा बैठक में बिना सूचना के सम्बन्धित अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कोकरपाल हिरमाराम को कर्तव्य से निरंतर अनुपस्थित रहने और मनरेगा कार्यों में लापरवाही बरतने सहित उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण शो-काज-नोटिस जारी कर नियत समयावधि में स्पष्टीकरण मांगा गया था,सम्बन्धित द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधान कारक नहीं पाया गया और पूर्व निर्धारित समीक्षा बैठक में बगैर सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इन सभी के उक्त कृत्यों के कारण आयुक्त मनरेगा के द्वारा जारी परिपत्र के कंडिका 13 के परिपालन में कलेक्टर सुकमा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा के अनुमोदन उपरांत उक्त सभी 05 रोजगार सहायकों को तत्काल पद से पृथक किया गया है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा में न्योता भोज का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 16 मार्च। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। संस्था में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती डी विजयलक्ष्मी के जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षिका जन्मदिवस की शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर श्री पी विजय नायडू, श्री सुभाष चतुर्वेदी, श्री जी साई रेड्डी, श्रीमती अन्नपुर्णा दुबे, श्री पुल्ली गोलू, श्री अमितेश सिंह, श्री मनी, प्राचार्य श्री बी एल औरसा, श्री दुष्यन्त कौशिक, प्रधान अध्यापक श्री सुशील श्रीवास, टी श्रीनिवास राव एवं शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित कर बच्चों को भोजन परोसा एवं बच्चों के साथ मिलकर भोजन ग्रहण किया एवं आयोजन की सराहना किया।

प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रारम्भ किये गये न्योता भोज कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। प्रधान अध्यापक श्री टी श्रीनिवास ने बताया की न्योता भोज का उद्देश्य पूरक पोषण वितरण, न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग या फिर कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं।अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं. वहीं न्योता भोज स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक है।

उल्लास नवभारत साक्षरता महापरीक्षा 17 मार्च को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 16 मार्च । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में की गई अनुशंसा अनुरूप 2030 तक शत् प्रतिशत असाक्षरों को साक्षर किया जाना है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की समय सीमा 2027 तक तय किया है। प्रौढ़ शिक्षा अब ''सबके लिए शिक्षा'' के नाम से संचालित किया जा रहा है। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूर्णतः स्वयंसेवी आधारित कार्यक्रम है, असाक्षरों को ऑफलाईन माध्यम से ग्रामों में सामाजिक चेतना केन्द्र स्थापित कर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से पठन पाठन कर साक्षर किया जाना है। भारत सरकार द्वारा निर्मित उल्लास एप में सर्वे का कार्य किया जा रहा हैं।''उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम'' के अन्तर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली की पहल पर 17 मार्च 2024 को जिला में 218 केन्दो में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का मूल्यांकन परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त परीक्षा में ऐसे शिक्षार्थी का चिन्हांकन किया गया है जिनका पूर्व में पढ़ना लिखना अभियान अंतर्गत प्रमाणीकरण नही हुआ है। शुक्रवार को महापरीक्षा में सभी परीक्षार्थीयों को सम्मिलित कराने हेतु नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्री गिरीश मंडावी जिला-सुकमा एवं जिला मिशन समन्वयक श्री श्याम सुन्दर सिंह चौहान, एडीपीओ, सहायक परियोजना समन्वयक, नोडल अधिकारी साक्षरता विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के उपस्थिति में महापरीक्षा आयोजन हेतु अपील एवं विभागीय जानकारी के संबंध में बैठक आयोजित किया गया है।

जिले में लक्ष्य से अधिक हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन,दूरस्थ इलाके के मरीजों के जीवन में आया उजियारा

सुकमा, 16 मार्च। शासन-प्रशासन के निरंतर प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हो रहा है,साथ ही दूरस्थ ईलाके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संवेदनशीलता से पहल किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हरिस एस,. के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया तथा सिविल सर्जन डॉ.अभय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन कर मरीजों को लाभान्वित किया गया। जिला अस्पताल सुकमा में मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया,जिससे दूरस्थ ईलाके के मरीजों के जीवन में उजियारा आया है। जिले में मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन हेतु नेत्र विशेषज्ञ डॉ सरिता थॉमस, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अर्चना अय्यर, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अक्षय पाराशर, ओटी सहायक श्री हनुमंत कन्नूर और श्री अमृत की संयुक्त टीम ने सक्रिय भूमिका निभाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया है। वहीं जिला अस्पताल सुकमा में लक्ष्य के विरुद्ध अधिक सफलता हासिल करने में डॉ भीमा बारसे नोडल अधिकारी, श्री अमित हलधर सहायक नोडल अधिकारी सहित श्री पीयूष साहू , श्री चंद्र प्रकाश साहू, कुमारी विभा साहू, श्री मानसिंह साहू, श्री कार्तिकेश्वर डडसेना, श्री आकाश देशमुख, श्री सचिन वैद्य और अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा है।

जिले के दूरस्थ इलाका सिलगेर में स्वास्थ्य एवं पोषण जनजागरूकता शिविर संपन्न

■ 378 से ज्यादा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 16 मार्च। कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश सांडिया के मार्गदर्शन में पहुंचविहीन दूरस्थ एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर लगाकर सेवाएं प्रदान की गई।

शासन-प्रशासन जिले के दूरस्थ ईलाके के लोगों को स्वास्थ सुविधाए उपलब्ध कराने के साथ ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कटिबद्ध है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय से 140 किलोमीटर दूर संवेदनशील ग्राम सिलगेर में साम्यभूमि फाउंडेशन द्वारा यूनिसेफ़ के सहयोग के एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं पोषण जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एएनसी जांच, टीकाकरण, मलेरिया स्क्रीनिंग, कुपोषण जांच एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में गर्भवती माता, पोषक माता एवं किशोरी बालिकाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक खाद्य सामग्रियों तथा साग-सब्जियों की जानकारी दी गयी। शिविर के दौरान ग्रामीणों को सात अलग-अलग वर्ग गर्भवती महिला, पोषक माता, किशोरी बालिका, दाई माता, शिशुवती माता , बच्चे एवं पुरुष में वर्गीकृत कर उनके अनुरूप स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान शिविर में 508 पुरुष, महिलायें एवं बच्चे उपस्थित थे। इनमें से 378 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया जो कि सर्दी-खांसी, बुखार, मलेरिया, दस्त एवं नेत्र की परेशानी से सम्बंधित थे। इस दौरान सिकलसेल, एनीमिया एवं कुष्ठ रोग की भी जांच की गयी एवं 06 लोग मलेरिया पॉजिटिव तथा 02 लोग सिकलसेल पॉजिटिव पाए गए,जिन्हें जांच उपरांत उपचार करने सहित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत योजनाओं की दी जानकारी- सिलगेर में आयोजित इस शिविर के दौरान नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत विकास कार्यों हेतु चयनित ग्राम सिलगेर में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को दिया गया। इस दौरान विश्व ग्लूकोमा दिवस के अंतर्गत नेत्र परीक्षण एवं प्रेस बायोपिक चश्मों का वितरण किया गया।

कोंटा विकासखंड के जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत ग्राम सिलगेर अति संवेदनशील एवं पहुचविहीन है इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा साम्यभूमि फाउंडेशन के सहयोग से विगत चार वर्षों से अंतिम घर तक पहुंचकर स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी सेवाएं दी जा रही है।

इस दौरान शिविर में यूनिसेफ़ के राज्य प्रमुख जॉब जकारिया, बाल परितोष दास, विशाल वासवानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दीपेश चंद्राकर, खंड चिकित्सा प्रभारी डॉ. रसपाल सुमन, आदर्श कुमार एवं स्वास्थय विभाग तथा साम्य भूमि फाउंडेशन के मैदानी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गिरौदपुरी धाम में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 16 मार्च। संत शिरोमणी बाबा गुरुघासीदास के जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर के. एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने शुक्रवार को गिरौदपुरी पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर हेलीपेड, जैतखाम एवं गुरु मंदिर मार्ग में आवश्यक व्यवस्था हेतु जरूरी निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने हेलीपेड, जैतखाम एव गुरु मंदिर मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। हेलीपेड में सभी आवश्यक तयारी के लिए लोक निर्माण विभाग, आबकारी विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।भविष्य की जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए हेलीपेड में स्थायी ग्रीन रूम निर्माण के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। गुरु मंदिर मार्ग के बेटिकेटिंग का निरीक्षण करते हुए मंदिर प्रवेश के स्थान पर बेरिकेटिंग की ऊँचाई बढ़ाने कब निर्देश दिए। इसीप्रकार सुरक्षा एवं आवागमन की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों को भी जरूरी निर्देश दिए गए। पूरे मंदिर परिसर की साफसफाई पर विषेष ध्यान रखने सीएमओ एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया। इस दौरान आईपीएस रवि कुमार कुर्रे, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर व्हीसी एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

लो-वोल्टेज व कटौती की समस्या दूर करने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भानुप्रतापपुर, 16 मार्च। नगर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रहे अनियमित विद्युत कटौती, लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने की मांग को लेकर शिवसेना द्वारा एसडीएम भानुप्रतापपुर के माध्यम से कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि विद्यार्थियों की परीक्षा चल रही है। कृषक ग्रीष्मकालीन फसल लेने को खड़े हैं। ऐसे में विद्युत कटौती समझ से परे है। एक तरफ सरकार सरप्लस बिजली का दावा करती है। दूसरी तरफ विद्युत कटौती करती है। यह समझ से परे है।

यह विद्यार्थियों, किसानो, बेरोजगारों मजदूरों के साथ छलावा है। शिवसेना कलेक्टर से मांग करती है अनियमित्त विद्युत कटौती बंद की जाए एवं लो वोल्टेज की समस्या को दूर की जाए अन्यथा आम जनता, किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगार को सांथ लेकर जन आंदोलन किया जाएगा।

जिपं सीईओ दिव्या अग्रवाल ने संभाला कामकाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 16 मार्च। जिले के नये जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने आज पदभार संभाल लिया है। उन्होंने शाम 4 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सीईओ कक्ष में में अपना चार्ज लिया। वह बलौदाबाजार भाटापारा जिला पंचायत में 8 वे सीईओ के रूप में नियुक्त हुए। इसके पूर्व वह सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में अपर कलेक्टर के रूप में कार्य कर चुकी है। दिव्या अग्रवाल 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर प्रभारी उप संचालक पंचायत सुरेश कंवर, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा के के साहू उपस्थित रहे। सहित जिला पंचायत के समस्त अधिकारी गण उपस्थित थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

